मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशित: भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

भोपाल
शनिवार 19 अप्रैल 2025

■ वर्ष: 30 ■ अंक: 112
■ पेज: 8 ■ मूल्य: 1.50/- रुपए

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

## चुपके-चुपके

### गलती किसी की भी हो, हर्जाना तो देना ही होगा

विंध्य क्षेत्र के एक जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है जो शासन-प्रशासन में चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल, मामला आबकारी विभाग से संबंधित है। जिसमें एक जांच एजेंसी के अधिकारी अड़ीबाजी कर रहे हैं। खबरची के अनुसार प्रदेश में जब नई आबकारी नीति के तहत शराब की दुकानों की नीलामी हो रही थी तो उस दौरान एक शराब व्यवसायी ने विंध्य क्षेत्र के एक जिले के आबकारी अधिकारी को बैंक गारंटी देकर शराब की दुकान प्राप्त कर ली। बाद में पता चला कि उक्त बैंक गारंटी फर्जी है। इसको लेकर किसी ने एक प्रादेशिक जांच एजेंसी में शिकायत दर्ज कराई। सूत्र बताते हैं कि उक्त एजेंसी के एसपी ने आबकारी अधिकारी को तलब कर कहा है कि गलती किसी भी हो हर्जाना तो आपको ही देना होगा।

-खबरची

## राजनीतिक समीकरणों को साधने अबकी बार भाजपा ले सकती है सोशल इंजीनियरिंग का सहारा... जातिगत समीकरणों के साथ ही धार्मिक समीकरण पर भी पार्टी में मंथन

# मुस्लिम बन सकता है भाजपा अध्यक्ष!

**आरिफ मोहम्मद खान, सैयद शाहनवाज हुसैन और मुख्तार अब्बास नकवी का नाम चर्चा में -2023 और 2025 में मुस्लिम नेता रिकमन मोमिन को बनाया गया मेघालय का प्रदेश अध्यक्ष**

### आरिफ मोहम्मद खान



आरिफ मोहम्मद खान ने 1970 में अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी। शाहबानो केस के बाद से ही वे भाजपा की गुड बुक में आ गए थे और उसके बाद समय-समय पर इसका इनाम पाते गए। बिहार के राज्यपाल बनने से पहले आरिफ मोहम्मद खान केरल के राज्यपाल के रूप में काम कर चुके हैं।

### मुख्तार अब्बास नकवी



मुख्तार अब्बास नकवी का उदय भी वाजपेयी सरकार के दौरान ही हुआ था। वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे मुख्तार अब्बास नकवी वर्षों तक भाजपा के मुस्लिम चेहरे के रूप में काम करते रहे थे। तीन तलाक कानून जब पास हो रहा था, तब मुख्तार अब्बास नकवी ने कई बार प्रवक्ता के रूप में सरकार का पक्ष रखा था और मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए कानून के पक्ष में माहौल बनाते रहे थे।

### सैयद शाहनवाज हुसैन



भाजपा के मुस्लिम चेहरों में जिन नामों की चर्चा होती हैं, उनमें बिहार के पूर्व उद्योग मंत्री और वाजपेयी सरकार के सबसे कम उम्र के मंत्रियों में से एक सैयद शाहनवाज हुसैन भी एक हैं।

### शिवराज सिंह चौहान



शिवराज सिंह चौहान 6 बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 4 बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। 2005 में मप्र भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं। संघ की लिस्ट में शिवराज सबसे ऊपर हैं।

### सुनील बंसल



सुनील बंसल के पास 2014 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी और फिर 2017 में प्रभारी की जिम्मेदारी रहते हुए पार्टी को कामयाबी दिलाई। इसके अलावा ओडिशा, बंगाल और तेलंगाना के प्रभारी के रूप में मिली कामयाबी भी बड़ा प्लस पॉइंट है।

### धर्मेन्द्र प्रधान



वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा मंत्री और भाजपा के एक अनुभवी संगठनकर्ता हैं। मोदी और शाह की टीम के भरोसेमंद सदस्य। संगठन में मजबूत पकड़, 2 बार लोकसभा और 2 बार राज्यसभा सदस्य बने।

● नई दिल्ली, ईएमएस

भाजपा अपने नए अध्यक्ष की तलाश कर रही है और जल्द ही पार्टी इसकी घोषणा कर सकती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए शिवराज सिंह चौहान, सुनील बंसल, धर्मेन्द्र प्रधान, रघुवर दास, स्मृति ईरानी, वानति श्रीनिवासन, तमिलिसाई सौंदर्यराजन, डी. पुरंदेश्वरी का नाम चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वक्फ बिल का विरोध कर रही है कांग्रेस को जिस लहजे में कहा है कि अगर मुस्लिमों से इतना ही प्यार है तो पार्टी का अध्यक्ष किसी मुसलमान को बना दे। इससे यह चर्चा जोरों पर है कि भाजपा किसी मुसलमान को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना सकती है। इसी के साथ तीन मुस्लिम नेताओं का नाम अध्यक्ष की चर्चा में आ गए हैं। वे हैं आरिफ मोहम्मद खान, सैयद शाहनवाज हुसैन और मुख्तार अब्बास नकवी।

भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष किसी मुसलमान को बनाने के कयास इस कारण भी लगाया जा रहा है कि वर्ष 2023 में मुस्लिम नेता रिकमन मोमिन को मेघालय भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। फिर जनवरी 2025 में उन्हें दोबारा प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। वर्तमान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 2023 में ही खत्म हो गया था लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 के चलते उन्हें एक्सटेंशन दिया गया था। अब वह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हैं और पार्टी के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

### भाजपा खोज रही विपक्षी नैरेटिव की काट

विपक्षी नैरेटिव की काट खोज रही भाजपा के एक नेता ने कहा कि जो भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा 2029 का लोकसभा चुनाव उसी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। ऐसे में जरूरी है कि कहीं से यह संदेश न जाए कि संगठन में एक वर्ग की नहीं सुनी जाती या फैसला जबरन थोपा गया है। बीते दस सालों में विपक्ष लगातार यह नैरेटिव गढ़ने का प्रयास कर रहा है। नई टीम में महिलाओं को 33 प्रतिशत जगह संभव भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि नए अध्यक्ष की घोषणा के बाद राष्ट्रीय परिषद व कार्यकारिणी में 33 प्रतिशत तक सीटें महिलाओं को दिए जाने का प्लान है। संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। पार्टी के विभिन्न संगठनों में भी महिला भागीदारी बढ़ेगी।

### वानति श्रीनिवासन



वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। ऐसे में संगठनात्मक कार्यों में उनका अनुभव है। तमिलनाडु में कोयंबटूर दक्षिण सीट से कमल हासन जैसे बड़े नेता को हराया था। तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### तमिलिसाई सौंदर्यराजन



राष्ट्रीय सचिव समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। तमिलनाडु में भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष रह चुकी हैं। मोदी और शाह के करीबी नेताओं में गिनी जाती हैं। तमिलनाडु में भाजपा के विस्तार में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### डी. पुरंदेश्वरी



पूर्व मुख्यमंत्री और टीडीपी संस्थापक एनटी रामाराव की बेटी हैं। फिलहाल आंध्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हैं। इनको राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने से पार्टी को तेलुगु राज्यों के जनाधार में फायदा मिल सकता है।

### रघुवर दास



रघुवर दास झारखंड के पहले गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने झारखंड में 5 साल का स्थिर शासन दिया, जो राज्य में पहली बार हुआ। उनकी जमीनी कार्यकर्ताओं और भाजपा संगठन में मजबूट पकड़ है।

### स्मृति ईरानी



कई अहम मंत्रालय संभालने के साथ प्रशासनिक अनुभव है। पार्टी के लिए मजबूत महिला चेहरा। आरएसएस के साथ अच्छे संबंध और हिंदी बेल्ट के साथ दक्षिण भारत में भी प्रभावी।

## मध्यप्रदेश में पुलिस भी सुरक्षित नहीं!

### महिला पुलिसकर्मी के साथ मारपीट, शराबी ने 'खाकी' पर किया जानलेवा हमला



**शाजापुर/ बैतुल, ईएमएस।** लोगों की सुरक्षा करने वाली खाकी अब खुद सुरक्षित नहीं है। बीते कुछ समय से मप्र में पुलिस के सितारे इन दिनों ठीक नहीं चल रहे हैं। आए दिन पुलिस पर हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। जिससे प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है। एक बार फिर शाजापुर और बैतुल से ऐसा ही एक मामला सामने आया है।

शाजापुर जिला मुख्यालय स्थित मां राजेश्वरी मंदिर प्रांगण में नगर पालिका, पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा एबी रोड पर फूल-माला विक्रेताओं द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान अतिक्रमणकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। एक अतिक्रमणकारी महिला ने महिला पुलिसकर्मी पर हाथ उठाया, जिसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए एबी रोड पर किया गया अतिक्रमण को हटाया। एसडीएम मनीषा वास्कले ने बताया कि, फूल विक्रेताओं को लॉटरी सिस्टम से दुकान आवंटित की गई। फूल विक्रेताओं द्वारा आवंटित दुकानों में दुकान न लगाकर अतिक्रमण करके बाहर दुकान लगाई जा रही है। इन्हीं दुकानों को हटाने के लिए नोटिस भी दिए गए। इसी सिलसिले में आज अतिक्रमण हटाने टीम पहुंची तो लोगों ने विवाद शुरू कर दिया।

### पुलिस पर किया कांच की बोतल से हमला

इधर बैतूल जिले के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करने आए एक शराबी युवक ने दो पुलिसकर्मियों पर कांच की बोतल से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में दोनों पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी शराबी युवक को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली थाने में शराबी युवक के मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिसकर्मी खून से लथपथ दिखाई दे रहे हैं। वहीं आरोपी को भी चोट आई है। बताया जा रहा है कि, दोपहर में एक शराबी युवक कोतवाली थाने में जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज करने आया था। कोतवाली थाने के उप निरीक्षक ने शराबी युवक से मामले की जानकारी मांगी, जिस पर नाराज होकर युवक ने पहले तो अपने आप को कांच की बोतल से मारने की कोशिश की। फिर बचाने आए पुलिसकर्मीयों पर हमला कर दिया। जिससे एसआई और आरक्षक घायल हो गए।

## फटाफट खबरें

### अमेरिकी एयर स्ट्राइक में 38 लोगों की मौत

**यमन, ईएमएस।** यमन के हूती विद्रोहियों पर अमेरिका की एयर स्ट्राइक में 38 लोगों की मौत हुई है, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। ये एयर स्ट्राइक एक तेल के पोर्ट रास ईसा पर हुई। यूएस सेंट्रल कमांड ने इस स्ट्राइक की पुष्टि की है, हालांकि उन्होंने मरने वालों का सही आंकड़ा नहीं बताया है। इस हमले में हुई मौतें अमेरिका द्वारा हूती विद्रोहियों पर की गई अब तक की सबसे घातक हवाई कार्रवाई हो सकती हैं, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 15 मार्च से शुरू किए गए नए अभियान के तहत की गई है।

### सनी देओल और रणदीप हुड्डा पर केस

**जालंधर, ईएमएस।** फिल्म अभिनेता सनी देओल और रणदीप हुड्डा पर



पंजाब के जालंधर में केस दर्ज किया गया है। कुछ दिन पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म जाट के खिलाफ पंजाब में ईसाई समुदाय द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद जालंधर में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा ने ईसा मसीह और ईसाई धर्म में इस्तेमाल की जाने वाली पवित्र चीजों का अनादर किया है।

### जयपुर में 3 दिन रहेंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति

**जयपुर, ईएमएस।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस 21 अप्रैल को जयपुर दौरे पर आ रहे हैं। वे तीन दिन जयपुर में रहेंगे और 23 अप्रैल को जयपुर से आगरा ताजमहल देखने जाएंगे। अमेरिकी वाइस प्रेसीडेंट भारतीय मूल की अपनी पत्नी उषा चिलुकुरी के साथ आमेर महल और जंतर-मंतर जैसी हेरिटेज साइट देखने भी जाएंगे। इससे पहले 2024 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी जयपुर आए थे। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति रहे बिल क्लिंटन भी अपने कार्यकाल के दौरान जयपुर दौरे पर आ चुके हैं।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला

### 14 साल बाद ईडी का एक्शन

**जगन मोहन रेड्डी की 27 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त**



**हैदराबाद, ईएमएस।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हैदराबाद यूनिट ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के 27.5 करोड़ रुपए के शेयर और डालमिया सीमेंट्स (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) की 377.2 करोड़ रुपए की जमीन को क्विड प्रो क्वो निवेश से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। हालांकि, डीसीबीएल ने कहा कि जब्त संपत्ति की कीमत 793.3 करोड़ रुपए है। मामला दर्ज होने के 14 साल बाद यह जब्ती की गई है। ये मनी लॉन्ड्रिंग का मामला 2011 में सीबीआई की ओर से दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें डीसीबीएल की ओर से भारती सीमेंट कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड में निवेश किया गया था।

## राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की मांग

### जाति आधारित भेदभाव खत्म करने रोहित वेमुला कानून बनाए सरकार



**बंगलूरू, ईएमएस।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर राज्य सरकार से रोहित वेमुला एक्ट नाम से एक कानून लागू करने की अपील की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिक्षा प्रणाली में किसी को भी जाति आधारित भेदभाव का सामना न करना पड़े।

कर्नाटक के सीएम को लिखे अपने पत्र में गांधी ने बीआर अंबेडकर के जीवनकाल में हुए भेदभाव को उजागर किया। गांधी ने कहा- यह शर्म की बात है कि आज भी दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के लाखों छात्रों को हमारी शिक्षा प्रणाली में इस तरह के क्रूर भेदभाव का सामना करना पड़ता है। राहुल ने कहा कि रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे प्रतिभाशाली युवाओं की हत्या बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। इसे सख्ती से खत्म करने का समय आ गया है। मैं कर्नाटक सरकार से रोहित वेमुला अधिनियम लागू करने का आग्रह करता हूं ताकि भारत के किसी भी बच्चे को वह न सहना पड़े जो डॉ. बी.आर. आंबेडकर, रोहित वेमुला और लाखों अन्य लोगों को यह सब सहना पड़ा है।

## महिला जनपद अध्यक्ष को धमकी देने वाले सीईओ हिरासत

**कहा-दुश्मनी में कुछ भी हो सकता है, गोली भी चल सकती है**



**मैहर, ईएमएस।** मैहर जिले की अमरपाटन जनपद पंचायत की महिला अध्यक्ष को सीईओ ने फोन लगाकर धमकी दी। बातचीत का ऑडियो भी सामने आया है। इसके बाद गुरुवार देर रात जनपद अध्यक्ष माया पांडे ने सीईओ ओपी अस्थाना के खिलाफ के दर्ज कराया है।

शुक्रवार दोपहर को अमरपाटन थाना पुलिस ने जनपद सीईओ अस्थाना को पन्ना जिले के देवराज नगर के पास से पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इससे पहले पुलिस सीईओ के सतना में विराट नगर स्थित घर भी गई थी। उनके वहां नहीं मिलने के बाद पुलिस को मुखबिर से टिप मिली कि अस्थाना को काली गाड़ी में देवराज नगर की तरफ जाते देखा गया है। इस पर पुलिस ने उनको ट्रेस करते हुए हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक 16 अप्रैल की रात करीब 10 बजे सीईओ अस्थाना ने अध्यक्ष माया पांडे फोन किया। उन्होंने किसी शिकायत का जिक्र करते हुए अध्यक्ष से अपने पति को समझाने को कहा। धमकाते हुए वे कह रहे हैं कि गोली कहीं भी चल सकती है। टिकुरिया टोला में भी और जनपद में भी। कौन चलाएगा यह नहीं जानता, लेकिन गोली चल सकती है।

## श्री हेमकुंट साहिब यात्रा की तैयारी शुरू

**अमृतसर, ईएमएस।** उत्तराखंड में सिखों के प्रसिद्ध तीर्थस्थल गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब के रास्ते को बर्फ से साफ करने और तैयार करने के लिए भारतीय सेना की एक टीम गुरुद्वारा गोविंदघाट पहुंच गई है। यह टीम 19 अप्रैल से सेवा कार्य शुरू करेगी। करीब 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित हेमकुंट साहिब के कपाट 25 मई से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इससे पहले सेना की एक टीम ने इलाके का सर्वेक्षण किया ताकि बर्फ हटाने और रास्ता बनाने का काम सुरक्षित और प्रभावी तरीके से शुरू किया जा सके।

## सुकमा में 33 नक्सलियों का सरेंडर

**17 पर घोषित है 49 लाख रुपए का इनाम**



**सुकमा, ईएमएस।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शुक्रवार को कम से कम 33 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से 17 नक्सलियों पर 49 लाख रुपए का इनाम था। पुलिस ने बताया कि 9 महिलाओं समेत 22 नक्सलियों ने राज्य पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जबकि बाद में दो महिलाओं समेत 11 अन्य ने सरेंडर किया।

## अमेरिका में आतंकी पासिया गिरफ्तार

**पंजाब में ग्रेनेड हमलों का मास्टरमाइंड**



**लुधियाना, ईएमएस।** पंजाब में ग्रेनेड हमलों के मास्टरमाइंड हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को अमेरिका में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने पासिया की गिरफ्तारी की फोटो शेयर की है। फोटो के साथ लिखा कि भारत के पंजाब में हुए आतंकवादी हमलों के जिम्मेदार आतंकवादी हरप्रीत सिंह को सैक्रामेंटो में गिरफ्तार कर लिया है।

2 इंटरनेशनल टेररिस्ट ग्रुपों से जुड़ा हरप्रीत अवैध रूप से अमेरिका में घुसा। पकड़े जाने से बचने के लिए बर्नर फोन का इस्तेमाल करता था। अमेरिकी एजेंसी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट ने उसे हिरासत में लिया है। जांच से पता चला कि रिंदा ने हैप्पी पासिया के साथ मिलकर ग्रेनेड हमले के जरिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों और आम जनता के बीच आतंक फैलाने की साजिश रची थी। उसका मकसद बीकेआई के आतंकवादी एजेंडे को बढ़ावा देना था। उन्होंने रोहन मसीह और विशाल मसीह नाम के स्थानीय गुर्गों की भर्ती की, जिन्हें उनके सीधे निर्देशों के तहत हमला करने का काम सौंपा गया था।

## दिल्ली में ढाबों पर चलेंगे बुलडोजर

**काटे जाएंगे बिजली-पानी के कनेक्शन रेखा सरकार का आदेश**

**नई दिल्ली, ईएमएस।** दिल्ली सरकार ने शहर में चल रहे अवैध ढाबों पर कड़ा एक्शन लेने का फैसला किया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि राजधानी में संचालित अवैध ढाबों को ध्वस्त कर दिया जाए और उनके पानी और बिजली के कनेक्शन काट दिए जाएं।

उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी अवैध प्रतिष्ठान को बख्शा नहीं जाएगा। विभिन्न नागरिक मुद्दों की समीक्षा के लिए पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन के दौरे पर आए सिरसा ने कहा कि एक विशेष क्षेत्र में 40-50 से अधिक ढाबे और मांस की दुकानें बिना अनुमति के संचालित हो रही हैं।

## रूसी जमीन पर हथियार बना रहा चीन

**यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की का बड़ा दावा, कहा- दिखाऊंगा सबूत**



**कीव, ईएमएस।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया है कि चीन रूस को तोप और बारूद जैसे हथियारों की सप्लाई कर रहा है। जेलेंस्की का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच चीन के प्रतिनिधि रूसी धरती पर हथियारों के उत्पादन में लिप्त हैं और यूक्रेन के पास इसका सबूत भी है।

जेलेंस्की ने ये दावा यूक्रेन की सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर किया है। जेलेंस्की ने चीन को लेकर दावा करते हुए कहा कि हम इस पर विस्तार से बातचीत के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन इन दावों के समर्थन में अगले हफ्ते डॉक्यूमेंट्स जारी कर सकता है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने चीन पर आरोप लगाते हुए कहा कि आखिरकार हमें जानकारी मिल गई है कि चीन रूसी संघ को हथियार मुहैया करा रहा है।

### रूस-यूक्रेन के बीच जारी हैं हमले

डोनाल्ड ट्रंप ने वादा किया था कि सत्ता में आते ही कुछ दिनों में वो युद्ध रुकवा देंगे। लेकिन रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम भी नहीं हो पाया है। दोनों देशों के बीच बस इस बात पर सहमति बनी है कि वो एक-दूसरे के ऊर्जा संयंत्रों पर 30 दिनों के लिए हमले नहीं करेंगे। रूस के यूएन राजदूत वसीली नेबेंजिया ने गुरुवार को सुरक्षा परिषद में यूक्रेन पर ऊर्जा युद्ध विराम की अनदेखी करने का आरोप लगाया। परिषद की बैठक के बाद एक संयुक्त बयान में स्लोवेनिया, डेनमार्क, फ्रांस, ग्रीस और ब्रिटेन ने रूस से पूर्ण और बिना शर्त युद्ध विराम पर सहमत होने का आग्रह किया।

## आज का कार्टून




## यूक्रेन को बेसहारा छोड़ेगा अमेरिका

**90 दिन बाद भी रूस-यूक्रेन में सहमति ना होने से नाराज**

**पेरिस, ईएमएस।** अमेरिका जल्द ही खुद को रूस-यूक्रेन पीस डील से बाहर कर सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में अगर रूस और यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो अमेरिका शांति के प्रयास छोड़ देगा। डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए लगभग 90 दिन बीत चुके हैं। इस दौरान अमेरिका और रूस के बीच कई बार यूक्रेन जंग के समाधान पर बातचीत हो चुकी है। लेकिन ट्रम्प प्रशासन को शांति कायम करने में कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी है।

### जंग को रोकने के लिए अमेरिका ने पीस प्लान पेश किया

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने पेरिस में यूरोपीय और यूक्रेनी नेताओं के साथ मुलाकात की थी। यह बैठक जंग को खत्म करने के लिए की जा रही ट्रम्प प्रशासन की कोशिश के तौर पर आयोजित किया गया। इस बैठक में अमेरिका ने शांति के लिए एक प्लान पेश किया। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक इस प्लान को सभी पक्षों ने सराहा है। हालांकि इस प्लान में क्या शामिल किया गया है, यह अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

## स्टालिन का अमित शाह पर निशाना, कहा...

# दिल्ली के सामने नहीं झुकेगा तमिलनाडु, हम कंट्रोल से बाहर...

● चेन्नई, ईएमएस

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि नीट, तीन-भाषा पॉलिसी, वक्फ संशोधन कानून और परिसीमन जैसे मुद्दों पर सवाल उठाना ध्यान भटकाने की कोशिश नहीं, बल्कि राज्यों के अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने अमित शाह को चुनौती देते हुए कहा कि अगर डीएमके वास्तव में ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है, तो अमित शाह को इन मुद्दों पर तमिलनाडु की जनता को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

स्टालिन ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कहा कि चाहे वह नीट हो या तीन-भाषा नीति, या फिर वक्फ कानून संशोधन और परिसीमन का मसला इन सभी पर सिर्फ हम ही मुखर हैं। क्या राज्यों के अधिकारों की मांग करना गलत है? उन्होंने यह भी कहा कि तमिलनाडु सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के राज्यों के अधिकारों की बात कर रहा है। स्टालिन ने कहा कि सिर्फ अमित शाह ही नहीं, बल्कि कोई भी शाह तमिलनाडु पर राज नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि कहा तमिलनाडु दिल्ली के कंट्रोल से बाहर है।

### 2026 में केवल द्रविड़ मॉडल की सरकार बनेगी

कार्य म के दौरान सीएम स्टालिन ने कहा कि अमित शाह कहते हैं कि वे 2026 में यहां सरकार बनाएंगे, लेकिन मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि तमिलनाडु दिल्ली के सामने नहीं झुकेगा। छापेमारी करने, पार्टियों को तोड़ने और सरकार बनाने का आपका फॉर्मूला तमिलनाडु में काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि 2026 में केवल द्रविड़ मॉडल की सरकार बनेगी, हम दिल्ली के लिए हमेशा नियंत्रण से बाहर हैं। क्या आप (बीजेपी) यहां किसी को धमकाकर और गठबंधन बनाकर जीत सकते हैं? आप जिसे लाने चाहें ला सकते हैं, हम भी देखते हैं। स्टालिन ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि आपने तमिल का अपमान कैसे किया? क्या केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिल को असभ्य नहीं कहा था और क्या इसके लिए उन्होंने माफ़ी नहीं? इससे पहले एक अन्य केंद्रीय मंत्री ने तमिल को बम विस्फोटों में शामिल बताया और क्या माफ़ी मांगी?



### हम झुकने वाले गुलाम नहीं

तमिलनाडु के सीएम ने कहा कि आप अपने गठबंधन में बिना आत्मसम्मान वाले लोगों और विश्वासघातियों का उपयोग करके शासन करना चाहते हैं, लेकिन इतिहास पढ़ें, हमारी भूमि आत्मसम्मान, बहादुरी और गौरव से भरी हुई है। हम जानते हैं कि आप हमें धमकाने के लिए क्या-क्या इस्तेमाल करेंगे, लेकिन हम झुकने वाले गुलाम नहीं हैं।

### पाकिस्तानी सेना ने चार आतंकवादियों को ढेर किया

**कराची, ईएमएस।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान में चार आतंकवादियों को ढेर कर दिया। सेना की मीडिया शाखा ने इसकी जानकारी दी। सेना की ओर बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी पर डेरा इस्माइल खान जिले के मद्दी में एक अभियान चलाया।

### हूती विद्रोहियों पर अमेरिकी हमला, 20 लोगों की मौत हुई

**गाजा, ईएमएस।** यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले रास ईसा तेल बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमलों में 20 लोगों की मौत हुई है और 50 अन्य लोग घायल हुए हैं। हूती विद्रोहियों ने इसकी जानकारी दी। अमेरिकी सेना की 'सेंट्रल कमांड' ने भी हमलों की पुष्टि कर दी है। यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन द्वारा 15 मार्च से हूती विद्रोहियों के खिलाफ शुरू किए गए अभियान के दौरान मारे गए लोगों की सर्वाधिक संख्या है।

## फटाफट खबरें

### 565 रुपए में मिलता है एक केला

**इस्तांबुल, ईएमएस।** तुर्किए का इंस्तांबुल हवाई अड्डा ऐसी ही एक जगह के रूप में विख्यात है, जहां पर खाने-पीने की चीजों के मूल्य लोगों को हैरत में डाल देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक यात्री ने दावा किया कि इंस्तांबुल एयरपोर्ट खाने पीने की बुनियादी चीजों को भी प्रीमियम कीमतों पर बेचता है। यह कई बार इतना महंगा होता है कि एक साधारण आदमी के लिए इसे खरीदना तक बहुत मुश्किल होता है। कीमतों के बारे में लिखा गया कि यहां पर एक बीयर की बोतल करीब 15 पौंड या करीब 1700 रुपए में मिल रही हैं, वहीं एक केला करीब 565 रुपए का बेचा जा रहा है।

### एक यात्री ने हाईजैकर को गोली मारी

**न्यूयॉर्क, ईएमएस।** कोरोजल से सैन पेड्रो जा रहे ट्रोपिक एयर के विमान को एक व्यक्ति ने हाईजैक कर लिया। इसमें 14 यात्री और दो चालक सवार थे। जैसे ही पता चला कि एक अमेरिकी नागरिक ने चाकू की नोंक पर विमान को हाईजैक किया तो लोग घबरा गए। इतने आरोपी ने चाकूबाजी कर दी। जिसमें एक पायलट और दो यात्री घायल हो गए। एक घायल यात्री ने अपनी लायसेंसी रिवाल्वर से आरोपी को गोली मार दी। हाइजैकर की पहचान 65 वर्षीय अमेरिकी नागरिक अकिन्येला सावा टेलर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, टेलर ने विमान को उड़ान के दौरान चाकू दिखाकर देश से बाहर ले जाने की मांग की।

### बांग्लादेश ने पाक को दिखाई आंखें

**ढाका, ईएमएस।** हाल में खबरें आ रहीं थीं पाकिस्तान और बांग्लादेश में काफी नजदीकियां बढ़ रहीं हैं, लेकिन अब सब कुछ उल्टा दिखाई दे रहा है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान से स्पष्ट कहा कि 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए अत्याचारों के लिए माफी मांगे और 4.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान करे। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के साथ हुई ऐतिहासिक बातचीत में कई अनसुलझे मुद्दे उठाए, इनमें 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा किए गए अत्याचारों को लेकर सार्वजनिक माफी और पाकिस्तान से लंबित वित्तीय मामलों को उठाया है।

### चॉकलेट की तरह डोलो-650 खाते हैं भारतीय

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारतीय डोलो 650 को कैडबरी जेम्स की तरह लेते हैं। एक पोस्ट ने एक्स पर लहलका मचा दिया है। दरअसल, अमेरिकी डॉक्टर पालानीअप्पन मनिकम ने डोलो को लेकर भरतीयों की मानसिकता को लेकर पोस्ट किया है। डॉ पाल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, भारतीय डोलो 650 को कैडबरी जेम्स की तरह लेते हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोगों की रिएक्शन की बाढ़ आ गई। कई लोगों ने इस पर खुशी जताई। हेल्थ-केयर प्रोफेशनल ने भी रिएक्ट किया। हालांकि, लोगों ने इसे चुटकुला की तरह लिया साथ ही लोगों में चिंता जाहिर किया कि लोग समान्य बुखार और सरदर्द में दावा लेते हैं।

### प्रभू यीशु के बलिदान को पीएम समेत कई दिग्गजों ने बताया प्रेरणादायक

# गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु का बलिदान किया गया याद

**गुड फ्राइडे ईसाई समुदाय के लिए त्याग और बलिदान का प्रतीक है। इसी दिन प्रभु यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने मानवता के सभी पाप अपने ऊपर लेकर अपने प्राणों की आहुति दी।**

● **नई दिल्ली, ईमएस**

आज ही के दिन यानी गुड फ्राइडे को ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए लिखा, गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हैं। यह दिन हमें दयालुता, करुणा और हमेशा उदार हृदय रखने की प्रेरणा देता है। शांति और एकजुटता की भावना हमेशा बनी रहे।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा, गुड फ्राइडे के अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन। प्रभु यीशु मसीह ने अपने जीवन और बलिदान के माध्यम से संपूर्ण मानवता को प्रेम, दया और करूणा के भाव का संदेश दिया था। उनके बताए हुए मार्ग के अनुसरण से समस्त मानव समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुडफ्राइडे की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा, दया, क्षमा, त्याग और सहानुभूति का सार हमारे कार्यों को प्रेरित करता रहे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, यह गुड फ्राइडे हर दिल को करुणा, दया और प्रेम से भर दे तथा सभी के लिए शांति लेकर आए।प्रियंका गांधी ने भी अपनी भावनाएं एक्स पर व्यक्त कीं। उन्होंने लिखा, ÷यह शुभ दिन हम सभी को याद दिलाए कि प्रभु यीशु ने हमें सिखाया है कि प्रेम, करुणा और क्षमा की शक्ति में कभी विश्वास न खोएं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स पर लिखा, गुड फ्राइडे के मौके पर आइए प्रभु यीशु के बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करें तथा करुणा, मानवता तथा प्रेम के उनके संदेश को आत्मसात करें।



### गया के ऐतिहासिक चर्च में गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु की प्रार्थना

गया, ! गुड फ्राइडे के पावन अवसर पर गया जिले के ऐतिहासिक चर्च ऑफ नार्थ इंडिया में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। तकरीबन 100 साल पुराने इस चर्च में श्रद्धालुओं ने प्रभु ईसा मसीह के बलिदान को श्रद्धा और भावनाओं के साथ याद किया। रेवरेंड मनोज सिंह और ओर्डीनेंड अमन पोढ के नेतृत्व में चर्च में विशेष प्रार्थना हुई। प्रभु यीशु के क्रूस यात्रा के दौरान दिए गए सात उपदेशों को श्रद्धालुओं के बीच साझा किया गया। भजन, उपदेश और मौन साधना के माध्यम से श्रद्धालुओं ने यीशु की याद में आत्मचिंतन किया। चर्च में क्रूस का रास्ता अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें यीशु के अंतिम दिनों की घटनाओं को क्रमशः याद किया गया।

### मिजोरम में गुड फ्राइडे पर हुआ विशेष प्रार्थनाओं का आयोजन

**आईजोल, ईएमएस।** ईसाई बहुल राज्य मिजोरम में गुड फ्राइडे पर विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। 'गुड फ्राइडे' ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाये जाने पर उनके बलिदान की याद में मनाते हैं। ऐसे में प्रेस्बिटेरियन चर्च और बैप्टिस्ट चर्च ऑफ मिजोरम (बीसीएम) सहित विभिन्न ईसाई संप्रदायों के सभी चर्च में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ। गुड फ्राइडे के मौके पर अधिकांश स्थानीय चर्च में पारंपरिक सामूहिक गायन या जैखॉम/लेंगखॉम का आयोजन हुआ, जो मिजोरम के ईसाइयों के लिए क्रिसमस, गुड फ्राइडे और ईस्टर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक अवसरों के उत्सव का अहम हिस्सा माना जाता है।



मास्को में रुस की अभिनेत्री नताशा सेमबरकेसाया मास्को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल में तस्वीरों के लिए पोज देती हुई। (फोटो-ईएमएस)

### 61 साल की उम्र में विवाह करेंगे भाजपा नेता दिलीप घोष

**कोलकाता, ईएमएस।** भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष अब जल्द ही दांपत्य जीवन में कदम रखने जा रहे हैं। खबरों के मुताबिक वह कोलकाता स्थित अपने आवास पर एक सादे समारोह में शादी करेंगे। रिंकू मजूमदार उनकी दुल्हनिया बनने जा रही हैं। वह भी भाजपा की सदस्य हैं।



दिलचस्प बात यह है कि यह शादी दिलीप घोष के लिए निजी जीवन में एक बड़ा बदलाव है क्योंकि वह अब तक अविवाहित रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, रिंकू ने ही पहले शादी का प्रस्ताव दिया था, खासकर तब जब दिलीप घोष को पिछली लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। शादी सादे और पारिवारिक माहौल में आयोजित की जा रही है जिसमें केवल करीबी रिश्तेदार और मित्र शामिल होंगे। किसी भी तरह का भव्य आयोजन फिलहाल नहीं रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिंकू न्यूटाउन में भाजपा महिला मोर्चा की नेता हैं। दिलीप घोष ही उन्हें पार्टी में लेकर आये थे। यह भी पता चला है कि दिलीप घोष अपनी मां के कहने पर शादी के लिए राजी हो गए हैं।

## कर्नाटक में अधर में लटकी जाति जनगणना की रिपोर्ट

### 2 मई की बैठक में फिर होगी चर्चा

**बेंगलुरु, ईएमएस।** कर्नाटक सरकार ने जाति जनगणना (सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण) के नतीजों को स्वीकार करने पर कोई निर्णय नहीं लिया है। विशेष मंत्रिमंडल बैठक में मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुई, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। अब मामले पर अगली चर्चा 2 मई को होने वाली मंत्रिमंडल बैठक में होगी। कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच.के पाटिल ने बताया कि मंत्रिमंडल ने सर्वेक्षण के तकनीकी विवरण और अतिरिक्त जानकारी की मांग की है, इस जानकारी को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 2 मई की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।

पाटिल ने कहा, चर्चा अधूरी रही, लेकिन यह सौहार्दपूर्ण थी। मंत्रिमंडल ने विभिन्न समुदायों की जनसंख्या, उनके पिछड़ापन और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंत्रियों से सर्वेक्षण पर अपने विचार लिखित रूप में देने को कहा गया है, ताकि अगली बैठक में इन पर विचार हो सके। सूत्रों के अनुसार, मंत्रियों के बीच खुले तौर पर चर्चा के लिए तैयार न होने के कारण सिद्धारमैया ने सभी की राय सुनने और सर्वेक्षण के सभी समुदायों के लिए लाभकारी होने की बात पर जोर दिया। बाते दें कि वोक्कालिगा और वीरशैव-लिंगायत समुदायों ने सर्वे को अवैज्ञानिक बताकर खारिज करने और एक नया सर्वेक्षण कराने की मांग की है।

## यूपी में हुई बेमौसम बारिश और आकाशीय बिजली ने ले ली 13 लोगों की जान



**लखनऊ, ईएमएस।** यूपी में बेमौसम बारिश कहर बनी बरसी। 24 घंटे में हुई बारिश से 13 लोगों की जान चली गई। सबसे ज्यादा 6 मौतें अयोध्या में हुई। यहां गुरुवार शाम को तेज आंधी चलने से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इसके नीचे दबकर 3 महिलाओं की मौत हो गई। इसके अलावा, बारिश से दीवार गिर गई। मलबे में दबने से 3 महिलाओं की जान चली गई। बाराबंकी में टिन शेड और पेड़ गिरने से 6 साल के बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। 6 घायल हैं। अमेठी और बस्ती में बिजली गिरने से 1-1 व्यक्ति की मौत हो गई। गोरखपुर में भी गुरुवार देर रात बारिश हुई।

बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं को देखते हुए सीएम योगी ने अफसरों को अलर्ट रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में उतरें, राहत कार्यों पर नजर रखें। जलभराव की स्थिति में जल निकासी की व्यवस्था की जाए। फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजी जाए, ताकि किसानों को मुआवजा दिया जा सके। 37 जिलों में बारिश का आज भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी यूपी के कई जिलों में देर रात तक आंधी और बारिश की संभावना है। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। ओले भी गिर सकते हैं। गुरुवार को अयोध्या, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, गोरखपुर, अमेठी और लखीमपुर समेत 13 शहरों में बारिश हुई। अयोध्या और गोंडा में ओले भी गिरे। अयोध्या में आंधी के कारण हाईवे पर कई जगह पेड़ उखड़ गए।

## सुप्रीम कोर्ट ने सड़क हादसों पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सड़क हादसों के पीड़ितों को तुरंत मदद देने के लिए फौरी प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल विकसित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सड़क हादसों को सार्वजनिक महत्व का गंभीर विषय बताया और चिंता व्यक्त की कि दुर्घटना के शिकार लोगों को समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाती है।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाया गया यह अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा है। देश में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं, लेकिन कई मामलों में पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाती है। याचिकाकर्ता ने छह प्रोटोकॉल सुझाए थे, लेकिन कोर्ट ने इस चरण में कोई अनिवार्य आदेश जारी करने से परहेज किया। हालांकि, तत्काल कार्रवाई की जरूरत को दोहराया। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छह महीने के अंदर ऐसे प्रोटोकॉल तैयार करने और लागू करने का निर्देश दिया है। संबंधित सरकारों को तय समयसीमा में अपना जवाब रिकॉर्ड पर पेश करना होगा। सड़क सुरक्षा से जुड़े एक अन्य निर्देश में कोर्ट ने परिवहन वाहनों के चालकों की वर्किंग स्थिति पर भी ध्यान केंद्रित किया है। मोटर अधिनियम के अंतर्गत ड्राइवरों के लिए रोज 8 घंटे और प्रति सप्ताह 48 घंटे काम का समय तय है। कोर्ट ने इन प्रावधानों के क्रियान्वयन पर चिंता जताई और कहा कि इनका उल्लंघन भी दुर्घटनाओं का कारण बनता है। इसके समाधान के लिए कोर्ट ने केंद्र सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के संबंधित विभागों के साथ बैठक कर प्रभावी कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जब तक उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक प्रावधानों पर विचार नहीं किया जाएगा, तब तक इन नियमों का सही क्रियान्वयन नहीं हो सकेगा।

### वकील जैन ने वक्फ घोषित संपत्तियों के अवधारणा के औचित्य पर उठाए सवाल

## मंदिर और चर्च बाई यूजर नहीं तो वक्फ बाई यूजर क्यों?

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट के वकील विष्णु शंकर जैन ने वक्फ घोषित संपत्तियों (वक्फ बाय यूजर) अवधारणा के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ बाई यूजर आधार पर अधिग्रहीत संपत्तियों को वापस लेने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। जैन ने कहा कि दिल्ली में एक शिव मंदिर था, जिसे ध्वस्त कर दिया गया। कहा गया कि भगवान शिव को संरक्षण की जरुरत नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को बरकरार रखा। यदि मंदिर बाई यूजर और चर्च बाई यूजर नहीं हैं, तो वक्फ बाई यूजर क्यों होना चाहिए? वक्फ बाई यूजर अवधारणा पर रोक लगे।



वक्फ बाई यूजर ऐसी संपत्ति होती है जिसे दस्तावेज के बिना भी धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ माना जाता है। सरल शब्दों में कहें तो कोई संपत्ति का दस्तावेज न हो लेकिन वक्फ बाई यूजर के आधार पर उसे वक्फ संपत्ति माना जाता है क्योंकि कई सालों से उसका उपयोग वक्फ संपत्ति के तौर पर होता रहा है। जैन ने कहा कि संसद ने दोहराया है कि वे वक्फ संपत्ति घोषित सरकारी संपत्तियों को वापस लिया जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि वक्फ संशोधन कानून से संबंधित सभी मामलों को एक ही हाईकोर्ट में ले जाया जाना चाहिए और छह महीने के भीतर उनकी सुनवाई के लिए संवैधानिक पीठ का गठन किया जाना चाहिए।

## नेपल्स के पास केबल कार दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौत

**रोम, ईएमएस।** दक्षिणी इटली में नेपल्स के पास एक केबल कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेपल्स की खाड़ी के किनारे स्थित कास्टेलामारे डी स्टेबिया शहर से पर्यटकों को करीब 3 किलोमीटर दूर मोंटे फेतो ले जाने वाली लाइन का केबल टूट गया। रिपोर्ट में अग्निशमन विभाग ने कहा कि चार शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक घायल को बचाकर अस्पताल भेजा गया है।

दुर्घटना में मारे गए लोगों में एक इजराइली महिला भी है, जबकि एक अन्य इजराइली पर्यटक गंभीर रूप से घायल है। दुर्घटना में मारे गए अन्य तीन लोगों में दो ब्रिटिश पर्यटक और केबल ऑपरेटर शामिल हैं। मृतकों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। दुर्घटना के बाद खोज और बचाव अभियान शुरू किया, लेकिन कोहरे और तेज़ हवाओं के कारण इसमें बाधा आई। बचाव कार्य में 50 से अधिक अग्निशमन कर्मी शामिल थे। यह हादसा गुरुवार को हुआ था।

## रूस ने तालिबान को आतंकी सूची से हटाया

### दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण संबंध होंगे मजबूत

**मास्को, ईएमएस।** रूस ने भी तालिबान को आतंकी संगठन की सूची से हटाया दिया है और उस पर लगे प्रतिबंध भी हटा लिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस कदम से अफगानिस्तान के वास्तविक शासकों के प्रति मास्को के कूटनीतिक रुख में एक अहम बदलाव का संकेत मिलता है।

रूस की सर्वोच्च अदालत ने तालिबान को आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने से हटा दिया जो कि अफ़गानिस्तान के शासकों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने के उद्देश्य से एक प्रतीकात्मक इशारा है। तालिबान ने अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना के हटने के बाद अफगानिस्तान में सत्ता पर काबिज हो गया था। 2003 में लगाए गए प्रतिबंध को हटाने का रूस की सर्वोच्च अदालत का फैसला तुरंत प्रभावी हो गया और यह क्रेमलिन और तालिबान के बीच व्यापक जुड़ाव का मार्ग प्रशस्त करता है। बता दें अगस्त 2021 में सत्ता पर काबिज होने के बाद से किसी भी देश ने तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार को औपचारिक रूप से मान्यता नहीं दी है लेकिन मॉस्को ने हाल के वर्षों में तालिबान के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है। रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले तालिबान को आतंकवाद से निपटने में भागीदार बताया था। रिपोर्ट में बताया कि रूस अब समूह के साथ सहयोग को एक रणनीतिक जरुरत के रूप में देख रहा है, खासकर चरमपंथी संगठनों से बढ़ते क्षेत्रीय सुरक्षा खतरों के बीच।

## चीन रूस को दे रहा आधुनिक हथियार?

**मास्को, ईएमएस।** रूस और यूक्रेन युद्ध तीन साल से चल रहा है। इस बीच इस युद्ध में चीन का एंगल भी सामने आ रहा है। सवाल है कि क्या रूस और चीन मिलकर यूक्रेन को तबाह करने की साजिश रच रहे हैं? यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने चीन पर गंभीर आरोप लगाया है कि वह रूस को हथियार सप्लाई कर रहा है। कीव में जेलेंस्की ने दुनिया को चौंकाते हुए कहा, हमारी खुफिया जानकारी पक्की है कि चीन रूस को बारूद और तोपखाने दे रहा है। उन्होंने अगले हफ्ते और सबूत पेश करने का वादा किया। यह पहली बार है जब यूक्रेन ने साफ कहा कि बीजिंग रूस को हथियार देकर युद्ध में मदद कर रहा है। इससे पहले डोनेट्स्क में यूक्रेन ने रूसी सेना के साथ लड़ रहे दो चीनी नागरिकों, वांग गुआंगजुन और झांग रेनबो को पकड़ा।

## पंजाब में आतंक का पर्याय रहा हैप्पी पासिया अमेरिका में पकड़ाया

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सितंबर 2024 में चंडीगढ़ के सेक्टर 10 में एक हैंड ग्रेनेड हमले का आरोपी अमेरिका स्थित खालिस्तानी आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ़ हैप्पी पासिया को अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने हिरासत में लिया है। पंजाब पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अनुसार, पासिया पाकिस्तान स्थित बाब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ़ रिंडा के साथ मिलकर पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था।इस हमले में रिंडा और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का सहयोग था। एनआईए ने पासिया के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था और जनवरी 2025 में उस पर 5 लाख का इनाम घोषित किया था।

पंजाब पुलिस ने दिसंबर 2024 में बटाला और गुरदासपुर में पुलिस स्टेशनों पर हुए हैंड ग्रेनेड हमलों के सिलसिले में पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। इन हमलों की साजिश पासिया और रिंडा ने मिलकर रची थी और आईएसआई ने उन्हें वित्तीय और भौतिक सहायता प्रदान की थी। पुलिस के अनुसार, पासिया ने अवैध रूप से 2021 में मैक्सिको सीमा के माध्यम से अमेरिका में प्रवेश किया था। पंजाब में 14 से अधिक आतंकी वारदातों में उसका हाथ है, जिसमें पुलिस स्टेशनों पर ग्रेनेड हमले शामिल हैं।

## गाजा में युद्ध रोक दो, सभी बंधकों को छोड़ देंगे

**गाजा, ईएमएस।** हमास ने कहा है कि वह इजरायली सेना की पूर्ण वापसी और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले सभी इजरायली बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार है। यह बयान हमास के वरिष्ठ अधिकारी खलील अल-हय्या ने एक टेलीविजन भाषण में दिया। इसका मतलब है कि इस प्रस्ताव को गाजा में डेढ़ साल से अधिक समय से चल रहे संघर्ष को खत्म करने की दिशा में एक संभावित कदम के रूप में देखा जा रहा है। फिलिस्तीन के इस कट्टरपंथी संगठन ने एक महत्वपूर्ण घोषणा में कहा है कि वह गाजा में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के वास्ते सभी बंधकों को छोड़ने के लिए तैयार है।

### टैरिफ लगाए जाने के बाद इटली की पीएम ने की मुलाकात तो बोले ट्रंप

# मेलोनी मुझे बहुत पसंद उनकी प्रतिभा का मैं कायल

● **वाशिंगटन, ईमएस**

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी अमेरिकी दौरे पर हैं। उन्होंने यहां व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। टैरिफ लगाए जाने के बाद मेलोनी पहली ऐसी नेता हैं, जिन्होंने अमेरिका पहुंचकर ट्रंप से मुलाकात की।



इस बीच ट्रंप ने मेलोनी की दिल खोलकर तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि वह मेलोनी को बहुत पसंद करता हैं। उन्हें लगता है कि वह एक बेहतरीन पीएम है और इटली में अच्छा काम कर रही हैं उनकी प्रतिभा में कायल हूं।

ट्रंप ने कहा कि मेलोनी में गजब की प्रतिभा है। वह दुनिया के बेहतरीन नेताओं में से एक हैं, उनका करिश्माई व्यक्तित्व है और उनके जैसा कोई नहीं है। हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं और दोनों देश एकजुट होकर आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने मेलोनी की महान पीएम बताते हुए कहा है कि उन्होंने पूरे यूरोप में हलचल मचा रखी है। मैं उनको शुरुआती दिनों से जानता हूं कि उनके पास अद्भुत प्रतिभा है। व्हाइट हाउस में मेलोनी और ट्रंप के बीच व्यापार, टैरिफ से लेकर इमिग्रेशन और पर भी चर्चा हुई।

ट्रंप ने कहा कि वह कारोबारी सौदे जल्दबाजी में नहीं करना चाहते। टैरिफ से अमेरिका को बहुत फायदा हो रहा है। हालांकि इस दौरान ट्रंप ने यूरोपीय संघ के साथ समझौते के संकेत भी दिए हैं। इस दौरान मेलोनी ने बताया की इटली की कंपनियां अमेरिका में 10 अरब यूरोप का निवेश करेंगी और इटली, अमेरिका से एनर्जी का इंपोर्ट बढ़ाएगा। बता दें कि मेलोनी यूरोप की एकमात्र नेता थी, जिन्हें 20 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। मेलोनी और ट्रंप की कई मामलों पर एक जैसी राय है। इमिग्रेशन से लेकर तस्करी तक से निपटने को लेकर दोनों एक जैसा सोचते हैं।

## टैरिफ की जंग खत्म होने के आसारः चीन और अमेरिका के बीच होगी बात?

चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ की जंग खत्म होने के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार खत्म हो सकता है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया जब इस सप्ताह चीन से आयात पर टैरिफ 245 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया था। ट्रंप ने कहा कि वह टैरिफ में और वृद्धि नहीं चाहते, क्योंकि इससे उपभोक्ता खरीदारी बंद कर सकते हैं। उन्होंने टिकटॉक के भविष्य पर भी समझौते की संभावना जताई। वाइट हाउस में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, कि मैं नहीं चाहता कि टैरिफ और बढ़े, या मैं उस स्तर तक भी नहीं जाना चाहता। मैं कम टैरिफ रखना चाहता हूं क्योंकि आप चाहते हैं कि लोग खरीदें, और एक निश्चित बिंदु पर लोग खरीदना बंद कर देंगे। क्योंकि एक स्तर के बाद लोग खरीदना बंद कर देंगे। मैं कम टैरिफ चाहता हूं ताकि लोग खरीदारी जारी रखें। ट्रंप ने अपने बयान से यह भी संकेत दिया कि वह अन्य देशों पर हाई टैरिफ लगाने में कम रुचि रखते हैं। 2 अप्रैल को उन्होंने भारत समेत दुनिया के लगभग हर देश पर रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की थी, जिससे वैश्विक शेयर बाजार गिर गए थे।

### इंदौर में 27 अप्रैल को होगा एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025

**भोपाल, ईएमएस।** मध्य प्रदेश टेक्नोलॉजी सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर में किया जाएगा। इस आयोजन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशक, नीति निर्माता और तकनीकी क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे।

### ट्रांसफॉर्मर में फॉल्ट पर मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**भोपाल, ईएमएस।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने ट्रांसफॉर्मर में फॉल्ट के बाद करंट से एक व्यक्ति की मृत्यु होने की घटना में संज्ञान लेते हुए रिपोर्ट तलब की है। पहला मामला भोपाल के शाहजहांनाबाद के संजय नगर में ट्रांसफॉर्मर में धमाका होने का है। आयोग ने करीब 17 घरों में करंट फैलने और करंट एक व्यक्ति की मृत्यु होने की इस घटना पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर, एवं सीएमडी, म.प्र. म.क्षे.वि.वि.क.लि. को जांच के निर्देश दिए है।

## फटाफट खबरें

### एक्सीडेंट में घायल युवक की मौत

**भोपाल, ईएमएस।** अशोका गार्डन थाना इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया गया है कि बीती 9 अप्रैल को जेके रोड पर उसका एक्सीडेंट हो गया था। परिवार वाले इलाज के बाद अस्पताल से उन्हें घर ले आए थे। 10 अप्रैल की रात अचानक चक्कर आने के कारण वह बाथरूम में गिर गए थे। परिवार वालो ने उन्हें इलाज के लिये एम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहॉ इलाज के बीते दिन उन्होनें दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार राज सम्राट कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहने वाले शुभम कटारिया पिता कमला कटारिया (40) निजी काम करते थे। बीती 9 अप्रैल को वे बाइक से जेके रोड होते हुए घर आ रहे थे। इस दौरान अन्य वाहन से उनकी बाइक टकरा गई। सिर में चोट होने के कारण उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### खेत में महिला की जली मिली लाश

**भोपाल, ईएमएस।** नये शहर के कोलार थाना इलाके में स्थित ग्राम हिनोतिया आलम में सौम्या इवरग्रीन कॉलोनी के पीछे गुरुवार सुबह खेत में मिली महिला की जली हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। पुलिस को हत्या की आशंका थी, लेकिन शव की शिनाख्त उर्मिला शुक्ला (62) के रूप में देर रात नागपुर से आए उनके बेटे द्वारा किये जाने के बाद अब पुलिस इसे आत्महत्या मान नही है। बेटे ने पुलिस को बताया की पिता की मौत और खुद की बीमारी को लेकर उनकी मां मृतिका उर्मिला शुक्ला काफी डिप्रेशन में रहती थी।पुलिस जॉच में सामने आया की महिला देर रात घर से निकली थी। इसके बाद उनकी लाश खेत में जली हुई हालत में मिली। फिलहाल पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सौम्या इवरग्रीन कॉलोनी हिनोतिया आलम के खेत में गुरुवार सुबह एक महिला की करीब 70 फीसदी जली हुई हालत में लाश मिली थी।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, ईएमएस।** ईटखेड़ी थाना इलाके में एक वृद्ध ने खेत में लगे पेड़ पर फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार ग्राम रायपुर में रहने वाले बाला प्रसाद अहिरवार (60) खेती-किसानी करते थे। उन्हें शराब पीने की आदत थी, और रोजाना ही शराब पीकर खेत जाते थे। बुधवार को भी वह शराब पीकर खेत पर चले गए थे। जब वह खाना-खाने के नहीं आये तब उनकी पत्नी उन्हें बुलाने के लिये खेत पर पहुंची। खेत वाले टपरे में पति के नजर नहीं आनेपर पत्नि ने आसपास उनकी तलाश की इस दौरान खेत में लगे पेड़ पर उनका शव फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। खबर मिलने पर पहुंची पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर कारणो की छानबीन शुरु कर दी है।

### दिग्विजय सिंह को मिली जमानत

**भोपाल, ईएमएस।** कोविड काल के दौरान गुना में पुलिस द्वारा की गई मारपीट के विरोध में भोपाल के एमपी नगर बोर्ड ऑफिस चौराहे पर रोक के बाद भी कांग्रेस के सीनीयर लीडर और पूर्व सीएमए दिग्विजय सिंह ने बिना अनुमति धरना प्रदर्शन किया था। इस मामले में भोपाल जिला न्यायालय ने दिग्विजय सिंह को राहत देते हुए जमानत दे दी है। जानकारी के अनुसार गुना में पुलिस द्वारा मारपीट की गई थी, जिसके विरोध में कॉग्रेस नेताओ द्वारा 20 जुलाई 2020 को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया था। मामले में एमपी नगर पुलिस ने दिग्विजय सिंह, पीसी शर्मा, सुनील बोरसे, रविन्द्र साहू, गुड्डू चौहान पार्षद, महेन्द्र सिंह चौहान और कैलाश मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### हमीदिया अस्पताल में जापान से लाया जा रहा हाईटेक बाइ प्लेन कैथ लैब सिस्टम

# किडनी पेशेंट भी बेफिक्र होकर करा सकेंगे हार्ट की जांच

**भोपाल, ईएमएस**

अब किडनी पेशेंट बेफिक्र होकर हार्ट की जांच करा सकेंगे। यह सुविधा उन्हें हमीदिया अस्पताल में जापान से लाए जा रहे प्रदेश के पहले हाईटेक बाइ प्लेन कैथ लैब सिस्टम से मिलेगी। जिसकी कीमत 7.7 करोड़ है। इस मशीन से जांच के दौरान बेहद कम डाई की जरूरत पड़ती है। वहीं, मरीज की स्कैनिंग रिपोर्ट 3डी इमेज फॉर्म में आती है। जिससे हृदय व खून की नसों का बेहतर आकलन करने में मदद मिलती है। साथ ही हार्ट में ब्लॉकेज से लेकर अन्य समस्या की भी सटीक जानकारी मिलती है।



हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन ने कहा कि नई कैथलैब मशीन का ऑर्डर एक से डेढ़ माह पहले किया गया था। इस लैब के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार है। वर्तमान में जापान से इस मशीन को लाने की प्रक्रिया चल रही है। उम्मीद है कि यह नई सुविधा दो माह में शुरू हो जाएगी। कैथलैब में होने वाली एंजियोग्राफी एक जांच प्रक्रिया है। जिसमें हार्ट या ब्लड वेसल्स की स्थिति जानने के लिए कॉन्ट्रास्ट डाई का इस्तेमाल किया जाता है। यह डाई नसों के जरिए शरीर में पहुंचाई जाती है। जिसे एक्स-रे, सीटी या एमआरआई जैसी इमेजिंग तकनीकों में ब्लड वेसल्स को स्पष्ट रूप से दिखाती है।

#### किडनी मरीजों को डाई से खतरा

कॉन्ट्रास्ट इंड्यूस्ड नेफ्रोपैथी एक स्थिति है, जिसमें डाई किडनी पर असर डालती है। ऐसे में पहले से कमजोर किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। जिसमें किडनी फंक्शन का कमजोर होना, क्रिएटिनिन का स्तर बढना समेत अन्य समस्याएं शामिल हैं। हमीदिया अस्पताल में यह आधुनिक कैथ लैब मशीन के लिए नए भवन ब्लॉक वन की तीसरी मंजिल में नई लैब तैयार की गई है। जिसमें जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर इलेक्ट्रिकल काम पूरा हो चुका है। अब सिर्फ पानी के रास्ते जापान से भारत लगाई जा रही मशीन के आने का इंतजार है। बाई प्लेन कैथ लैब में मौजूद दो सी-आर्म के साथ दो अलग-अलग कोणों से इमेजिंग कर सकते हैं। जिससे 3डी इमेजिंग के लिए बेहतर स्पष्टता और डिटेल मिलती है। दोनों सी-आर्म एक साथ काम करते हैं। जिससे प्रक्रिया में कम समय लगता है। स्क्रीन पर धमनियों की प्रदर्शनी बेहतर होती है। एंजियोग्राफी व एंजियोप्लास्टी के दौरान दी जाने डाई कम संख्या में दी जाएगी।

#### नहीं टूटेगी पुरानी कैथलैब

हमीदिया अस्पताल में पुराने भवन के स्थान पर नए बहुमंजिला भवन तैयार किए जा रहे हैं। पुराने प्लान के तहत नए भवन ब्लॉक वन और मेडिकल कॉलेज के बीच मौजूद पुराने भवन को पूरी तरह से तोड़ा जाना था। जिसमें पुरानी कैथलैब वाला हिस्सा भी शामिल था। हालांकि, अब नए प्लान के तहत पुरानी लैब को तोड़े बिना नए भवन का निर्माण होगा।

# मप्र में तपिश तेज...दोपहर में घर से न निकलने की सलाह

### भोपाल, इंदौर-ग्वालियर में गर्मी बढ़ी

**भोपाल, ईएमएस**

मप्र में सूरज की तपिश तेज हो गई है। इससे गर्मी का असर भी बढ़ा है। गुरुवार को शाजापुर-सीहोर जिले में जहां बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन समेत प्रदेश के 20 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। इस गर्मी के सीजन में पहली बार इतने शहर तपे हैं। कई शहरों में तो पारा 3 डिग्री या इससे ज्यादा बढ़ गया।



गर्मी का असर बढ़ते ही मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक जरूरत पडने पर ही घरों से बाहर निकलने की सलाह दी है। इन्हीं 4 घंटों के दौरान धूप तेज होती है और गर्म हवाएं चलती हैं। वहीं, खाना-पान और सूती कपड़े पहनने की सलाह भी दी गई है।

#### नर्मदापुरम-रतलाम सबसे गर्म रहा

मौसम विभाग के अनुसार, नर्मदापुरम सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। रतलाम में 43.2 डिग्री रहा। गुना में 42.4 डिग्री, शाजापुर में 42.1 डिग्री, नरसिंहपुर-धार में 42 डिग्री, टीकमगढ़ में 41.5 डिग्री, सागर में 41.4 डिग्री, नौगांव, खजुराहो-मंडला में 41 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह खरगोन में 40.6 डिग्री, खंडवा-दमोह में 40.5 डिग्री, रायसेन में 40.4 डिग्री और शिवपुरी में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का पारा 42 डिग्री रहा। भोपाल में 41.1 डिग्री, इंदौर में 40.4 डिग्री, उज्जैन में 41.5 डिग्री और जबलपुर में 39.6 डिग्री रहा।

#### अगले 5 दिन तक ऐसा ही मौसम

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई। वहीं, रात में भी गर्मी बढ़ी है। अगले 5 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। हालांकि, अभी लू का कहीं भी अलर्ट नहीं है।

# मंत्री राजपूत और पूर्वमंत्री सिंह के बीच सुलह कराएगा समाज

**भोपाल, ईएमएस।** सागर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा को लेकर क्षत्रिय समाज के दो घरानों में बयानबाजी का दौर जारी है। प्रतिमा स्थापना स्थल को लेकर घमासान मचा हुआ है। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के भतीजे और क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह बामौरा प्रतिमा को नगर निगम सिटी स्टेडियम के बाहर स्थापित कराना चाहते हैं। लेकिन, दूसरी तरफ मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के भाई और जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा केंद्रीय जेल की बाउंड्री के पास आईजी बंगले के सामने स्थापित कराने की बात रखी है।

प्रतिमा स्थापना को लेकर चल रही खींचतान के बीच जिला क्षत्रिय समाज ने शुक्रवार को एक बैठक बुलाई। जिसमें 5 निर्णय लिए गए हैं। इसमें शहर के क्षत्रिय समाज के दो घरानों की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और आपसी मतभेद खत्म करने के लिए समिति बनाई गई है। इस समिति में समाज के बुजुर्ग और युवाओं को शामिल किया गया है। समिति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह से बात करेगी। समाज के कृष्णा सिंह महुआखेड़ा ने बताया कि समिति बातचीत के बाद मंत्री राजपूत और पूर्व मंत्री सिंह के बीच चले आ रहे मतभेदों को खत्म करने का प्रयास करेगी। क्योंकि उनके बीच कोई बड़े मतभेद नहीं है जो भी छोटी-छोटी बातें हैं उन्हें समाज के साथ मिलकर दूर किया जाएगा।

**समाज तय करेगा जगह:** दरअसल, सागर शहर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना की जानी है। इसके लिए 1 करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है। प्रतिमा का ग्वालियर में निर्माण चल रहा है। लेकिन प्रतिमा स्थापना के लिए जगह को लेकर खींचतान चल रही है। ऐसे में जिला क्षत्रिय समाज ने निर्णय लिया है कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने के लिए समाज के वरिष्ठजन जगह चिंहित करेंगे। आपस में समाज के सभी लोग संभावित स्थानों का निरीक्षण करेंगे। जिसके बाद जगह तय की जाएगी। यह निर्णय पूरे समाज को मान्य होगा।

# पिता को टिफिन देने गये बेटे की गिरकर मौत

**भोपाल, ईएमएस।** गांधीनगर थाना इलाके में स्थित आईटी पार्क में गुरुवार दोपहर एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम कर रहे पिता को टिफिन देने गये बेटे की सदिंग्ध हालत में तीसरी मजिंल से नीचे गिरकर मौत हो गई। मामला दर्ज कर पुलिस कारणो की जॉच कर रही है। थाना पुलिस ने बताया की पीजीबीटी कॉलेज के पास गौतम नगर में परिवार सहित रहने वाले शिराजुद्दीन मिस्त्री का काम करते है। इन दिनो वे ठेकेदार के अंडर में आईटी पार्क में काम कर रहे है। उनका बेटा शम्शुद्दीन ( 20 ) कॉलेज की पढ़ाई कर रहा था। बीते दिन वह तीसरी मंजिल पर काम कर रहे थे। दोपहर के समय बेटा शम्शुद्दीन उनके लिए टिफिन लेकर आया था। बताया गया है कि टिफिन देकर लौटते समय उसने तीसरी मंजिल से नीचे झांककर देखा और अचानक झोंका आने से उसका बैलेंस बिगड़ने से वह तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। उसके पिता काम कर रहे अन्य लोगो के साथ उसे इलाज के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहॉ कुछ देर बाद ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कोलार नहर में गिरी कार एक की मौत

### अचानक सामने आई गाय बचाने की कोशिश में बेकाबू हो गई थी कार

**भोपाल, ईएमएस।** नये शहर के कोलार थाना इलाके में गुरुवार रात सड़क पर अचानक आई एक गया को बचाने के कोशिश में तेज रफ्तार बेकाबू होकर कोलार नहर में जा गिरी। दर्दनाक हादसे में दोस्तो के साथ घूमने निकली एअर इंडिया की एयर होस्टेस हर्षिता शर्मा ( 21 ) की मौत हो गई। मृतका के परिवार वालो के अनुसार नौकरी के चलते एयर होस्टेस हर्षिता पुत्री प्रदीप शर्मा अक्सर शहर से बाहर रहती थी।




बुधवार रात उसने भाई को वॉट्सऐप पर बताया था, कि वह शुक्रवार को भोपाल आ रही है। लेकिन गुरुवार रात हर्षिता की दोस्त शिवानी ने उन्हें फोन कर बताया की हर्षिता अस्पताल में भर्ती है, उसकी बात सुनकर वह चौंक गये। परिजन फौरन अस्पताल पहुंचे जहॉ डॉक्टरों ने बताया कि हर्षिता ब्रेन डेड हो चुकी है, शुक्रवार सुबह उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पहुची पुलिस की शुरुआती जॉच में सामने आया की गुरुवार रात हर्षिता अपने दोस्त सुजल और जय के साथ कार में कोलार इलाके में घूम रही थी। जय गाड़ी चला रहा था। कोलार के होली क्रॉस स्कूल के पास पुल पर कार अचानक अनयत्रिंत होकर नहर में गिर गई। जय और सुजल ने हर्षिता को जैसै-तैसै बाहर निकालकर इलाज के लिये निजी हॉस्पिटल पहुंचाया था। हर्षिता के दोस्त जय ने पुलिस को बताया कि वह और सुजल एमबीए के छात्र हैं, और हर्षिता के फोन करने पर ही वह उससे मिलने पहुंचे थे। घूमते समय पुल पर अचानक एक गाय सामने आ गई, जिसे बचाने की कोशिश में गाड़ी बेकाबू होकर नहर मे जा गिरी। वहीं उन दोनो को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने गाड़ी चला रहे जय के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है, पुलिस का कहना है, की पीएम रिपोर्ट आने पर प्रकरण में धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं।

# सरकारी आवास में बनी दो मजारें

### हिंदूवादी संगठन ने लैंड जिहाद बताते हुए की हटाने की मांग

**भोपाल, ईएमएस।** भोपाल के शासकीय आवासीय क्षेत्र 1250 में दो मजारें बनाने को लेकर संस्कृति बचाओ मंच ने आपत्ति जताते हुए इन्हें हटाने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा की 1250 इलाके में आवास क्रमांक-28, 38 और 85, 96 के आसपास दो मजारों का निर्माण अवैध रूप से किया गया है, वीवीआईपी इलाके के सरकारी भवन में दो मजारें कैसे बन गईं?

भोपाल में लैंड जिहाद चल रहा है। इसे लेकर टीटी नगर एसडीएम अर्चना रावत को ज्ञापन सौंपकर इन मजारों को हटवाने की कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही उन्होनें चेतावनी दी की यदि मजारो की आड़ में किया गया अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो आंदोलन किया जाएगा। बताया गया है कि जॉच के लिये एसडीएम द्वारा अगले दिन पटवारी को मौके पर भेजा गया। जिसके बाद सामने आया कि यह मजारें करीब तीन साल पुरानी हैं। हालांकि इन्हें इनका निर्माण किसने करवाया ये पता नहीं चल सका है। एसडीएम अर्चना रावत ने कहा की जिस इलाके में मजारें बनाई गई हैं, वह कोलार एसडीएम के क्षेत्र में आता है। पटवारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर मामला वहां पहुंचाया जाएगा। वहीं शिकायत करने वालो को भी इस संबध में जानकारी दी जा रही हैं, ताकि वो सही जगह शिकायत कर सकें।

# युवक पर तलवार से हमला

### थाने के पास ही घात लगाकर बैठे थे बदमाश

**भोपाल, ईएमएस।** श्यामला हिल्स थाने के नजदीक ही घात लगाकर बैठे दो बैखौफ बदमाशो ने एक युवक पर तलवार से हमला कर उसे घायल कर दिया। जान बचाने के लिये तलवार का वार हाथ से रोकने के कारण उसके दाहिने हाथ में घातक चोट आई है। पुलिस के अनुसार श्यामला हिल्स थाने के पास रहने वाले समीर आगा खान ( 36 ) दुबई में नौकरी करते हैं। बीते दिनो वह ईद का त्यौहार होने पर भोपाल अपने घर आए हुए थे।



उन्होंने बताया कि बुधवार रात वे गिन्नौरी में रहने वाले अपने परिचित अफजल के घर गए थे। रात करीब साढ़े 10 वापस घर लौटे और कच्चा बंगला क्षेत्र के पास कार रोकने के बाद उतरकर घर की तरफ जा रहे थे। उसी समय पहे से घात लगाकर बैठे दो बदमाशों ने उन पर तलवार से हमला कर दिया। पहला हमला सिर के पास किया लेकिन वह जैसै-तैसै बच गए तब बदमाशो ने दूसरा वार किया जिसे उन्होंने अपने हाथ से रोका। इससे उनके हाथ में दो जगह गंभीर चोट आई है। उन्हें इलाज के लिये निजी अस्पताल पहुंचाया गया। समीर ने पुलिस को बताया कि उनकी चार साल पहले मलिक परिवार में शादी हुई थी। उनकी पत्नी एक महीने ससुराल में रही और मायके चली गई। इसके बाद से ही उनका कोर्ट में केस चल रहा है। दोनों परिवार के बीच आपसी समझौता होने की बात तय हुई थी। और वह समझौता करने के लिए भोपाल में रुके हुए थे। घायल ने आंशका जताई है की बीते कुछ दिनो उसे उन्हें महसूस हो रहा था, कि कोई उनका पीछा कर रहा है। उन्होंने हमले के पीछे मलिक परिवार पर आशंका जताई है। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की जॉच कर रही है।

# एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन का राष्ट्रीय अधिवेशन आज

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी भोपाल में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ( आई ) का राष्ट्रीय अधिवेशन शुक्रवार को होगा। यह अधिवेशन सुबह 10-30 बजे भोपाल के समन्वय भवन, टीटी नगर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से करीब 600 एलपीजी वितरक भाग लेंगे। जिसमें तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार, झारखंड, यूपी समेत कई राज्य शामिल हैं। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य वितरकों की लंबित मांगों पर मंथन करना और आंदोलन की रणनीति तैयार करना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस शर्मा ने कहा कि हम लोगों के घर पर गैस सिलेंडर पहुंचा रहे हैं। वहीं आज भी वितरकों को 40 किलोमीटर दूर तक गैस सिलेंडर पहुंचाने पर केवल 35 रुपए मिलते हैं। जो इस महंगाई में यह बहुत कम है। इसलिए हम कमीशन में वृद्धि को लेकर अपनी मांग करेंगे।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**दिनांक: 17.04.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता / सम. / पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई–टेंन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाए प्रस्तुत करें। **NIT No.:** 25-26-C-03-07, **Date:** 17.04.25, **Name of work including Location:** भोपाल मंडल– वरि. मंडल अभियंता / मध्य / भोपाल के अधीन बरेठ – भोपाल –नर्मदापुरम सेक्शन मे मेटल क्रॅश बैरियर सेफटी फेन्सिंग तथा बाउन्ड्रीवॉल का प्रावधान। **Published cost of tender Rs.:** 687902783, **Earnest Money:** 3589500, **Completion Period:** 18 माह, **Last date for submitting tender:** 13.05.2025.

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# एक्सीडेंट में घायल युवक ने तोडा दम

# करंट लगने विवाहिता की मौत

**भोपाल, ईएमएस**

स्टेशन बजरिया थाना इलाके में चलते कुलर के पास काम कर रही महिला को महिला को करंट का जोरदार झटका लग गया। परिवार वाले उसे इलाज के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंच, जहॉ उसकी हालत को देख हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने चेकअप के बाद ही महिला को मृत घोषित कर दिया।



थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जैन मंदिर के पीछे, शंकराचार्य नगर में रहने वाले राजू ठाकुर फेरी लगाकर कबाड़ा खरीदने का काम करते है। उनकी पत्नि द्रोपती मीणा घरेलू महिला थी। बीती दोपहर द्रोपती घर की गैलरी में बर्तन साफ कर रही थी, उनके पास ही कूलर रखा हुआ था। बर्तन साफ करते समय द्रोपदी बाई का हाथ चलते हुए कूलर से टच होने से उन्हें करंट का तगड़ा झटका लगा और वह वहीं पर बेसूध होकर गिर गई। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने उन्हं मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौपंते हुए आगे की जॉच शुरु कर दी है। उधर अशोका गार्डन पुलिस ने बताया की राज सम्राट कॉलोनी में रहने वाला 40 वर्षीय शुभम कटारिया पिता कमल बीते दिनो एक्सीडेंट में घायल हो गया था। उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया है की हॉस्पिटल में उसकी हालत ठीक होने पर उसे डिस्चार्ज कर दिया गया था, घर आने के बाद उसकी तबीयत फिर से खराब होने पर परिवार वाले एम्स हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिर्पोट आने पर ही मौत का कारण साफ हो सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# चीतों का नया घर बनेगा गांधीसागर अभयारण्य

### 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री कूनो में जन्मे दो चीतों को छोड़ेंगे बाड़ों में

**भोपाल, ईएमएस।** मंदसौर स्थित गांधीसागर अभयारण्य में चीतों को बसाने की तारीख तय हो गई है। यहां भारत में जन्मे चीतों को बसाया जाएगा। श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में जन्मे दो नर चीतों को 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गांधीसागर अभयारण्य में बने बाड़ों में छोड़ेंगे। अभी यहां दो ही चीते लाने की योजना है। यहां अभी विदेशी चीते नहीं लाए जाएंगे। बरसात के बाद जब विदेशी चीते आएंगे तो संख्या बढ़ेगी। इसके साथ ही देश में कूनो के बाद गांधीसागर अभयारण्य चीतों के दूसरे घर के रूप में पहचाना जाएगा।

#### वन विभाग ने शुरू कर दी तैयारी

अफ्रीका, केन्या के प्रतिनिधिमंडलों और केंद्र सरकार की सात सदस्यीय हाइपावर कमेटी के निरीक्षण के बाद आखिरकार तय हो गया कि भारत की धरती पर जन्म लेने वाले चीतों से ही गांधीसागर आबाद होना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की हां होते ही वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

#### दो नर चीतों को लाया जा रहा है

फिलहाल यहां कूनो नेशनल पार्क में जन्मे लेने वाले दो नर चीतों को लाया जा रहा है। उन्हें 20 अप्रैल को यहां छोड़ा जाएगा। इसकी तैयारी गांधीसागर अभयारण्य में काफी समय पहले से चल रही थी।

**कार्यालय अधीक्षक, सब जेल बरेली, जिला रायसेन (म.प्र.)**

E-MAIL ID- subjailbareli@gmail.com

CONTACT NO. 07486-231260

ई - निविदा वित्तीय वर्ष 2025 - 26 ( द्वितीय आमंत्रण )

**म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. नवीन भण्डार क्रय नियम 2015 के अंतर्गत (फार्म (अ) नियम - 6 देखिये)**

समस्त पंजीबद्ध/प्रतिष्ठित व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि सब जेल बरेली में परिरुद्ध बंदियों हेतु वर्ष 2025-26 में लगने वाला खाद्यान्न, सब्जियों एवं दवाईयों की आपूर्ति हेतु द्वितीय निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से बेवसाइट http:// www.mpeproc.gov.in पर दिनांक 11.05.2025 को शाम 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक व्यापारीगण निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देख एवं प्राप्त कर सकते है । निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य शर्तो से सबंधित जानकारी उक्त बेवसाइट पर ही देखी जा सकेगी।

G-11719/25

**सहायक जेल अधीक्षक**
**सब जेल बरेली, जिला रायसेन म.प्र.**

**देवारण्य योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ**

**नरसिंहपुर, ईएमएस।** राज्य शासन की देवारण्य योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र नरसिंहपुर में किया गया। इस योजना के तहत एक जिला- एक औषधि पादप सहजन अर्थात मुनगा के प्रचार- प्रसार अभिसरण के विभागों की योजना व औषधि पौधे की कृषि संग्रहण, भंडारण प्राथमिक संस्करण विपणन आदि विषयों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।



**नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्री-सिटिंग बैठक आयोजित**

**बुरहानपुर, ईएमएस।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 10 मई, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्री-सिटिंग बैठक का आयोजन किया गया।



## संपादकीय

# राष्ट्रपति के पास हाथी के दांत

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की है। उस आदेश पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि अदालत राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकती है। उपराष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिले सुप्रीम कोर्ट को विशेष अधिकार की गलत व्याख्या करते हुए कहा, लोकतांत्रिक शक्तियों के लिये यह अधिकार न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। संविधान का अनुच्छेद 142, भारत के सुप्रीम कोर्ट को विशेष अधिकार देता है। पूर्ण न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट किसी भी मामले में कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है। धनखड़ ने कहा लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सर्वोच्च होती है। उन्होंने कहा, सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। धनखड़ ने कहा राष्ट्रपति देश का सबसे सर्वोच्च पद है। संविधान के अनुच्छेद 145 (3) के तहत संविधान की व्याख्या का अधिकार सुप्रीम कोर्ट के पास है। उनका आरोप है, सुप्रीम कोर्ट के जज सुपर संसद की तरह काम कर रहे हैं। संविधान की रक्षा और न्यायपालिका की सर्वोच्चता को बनाए रखने के लिए कार्यपालिका और विधायिका की तरह कोई अधिकार न्यायपालिका को संविधान ने नहीं दिए हैं। ब्रह्मा विष्णु महेश की तर्ज में सुप्रीम कोर्ट सर्वोपरि है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करना विधायिका और कार्यपालिका के लिए अनिवार्य है। नागरिकों के मौलिक अधिकार और संघीय व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने की जिम्मेदारी संविधान ने न्यायपालिका को दी है। न्यायपालिका जब भी कोई आदेश देती है] वह संविधान के प्रावधानों की समीक्षा करती है! समीक्षा करने के बाद वह निर्णय करती है। इसके पहले भी विधायिका द्वारा कई ऐसे कानून जो संविधान संवत नहीं थे। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन था। संविधान की मूल भावना के अनुरूप नहीं थे। उन्हें समय - समय पर निरस्त किया है। राम मंदिर का जो फैसला आया, वह भी सुप्रीम कोर्ट ने तथ्यों के आधार पर न देकर विशेष अधिकार का उपयोग कर यह विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो। इसको ध्यान में रखते हुए दिया है। संघीय व्यवस्थाओं का पालन नहीं करते हुए राज्यपाल मनमानी कर रहे थे। राज्य की विधानसभाओं से पारित विधेयकों को मंजूरी नहीं दे रहे थे। राज्यपाल हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और आदेशों का पालन नहीं कर रहे थे। ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को समय सीमा तय कर संविधान के अनुरूप निर्णय करने की समय -सीमा तय की है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करना राज्यपाल और राष्ट्रपति के साथ-साथ केंद्र सरकार के लिए भी आवश्यक है। भारत का राष्ट्रपति मंत्रिमंडल की सलाह पर काम करता है। राष्ट्रपति को संविधान ने कोई अलग से अधिकार नहीं दिए हैं। संविधान ने राष्ट्रपति को कुछ मामलों में ही विशेष अधिकार दिए हैं। जब केंद्र में किसी राजनीतिक दल को बहुमत प्राप्त न हो, सरकार बनाने के लिए राष्ट्रपति अपने विशेष अधिकारों का उपयोग करते हुए सरकार का गठन कर सकता है। उसके बाद उसे केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर ही काम करना होता है। संविधान में संविधानिक दायित्व निभाने का भार तीनों संस्थानों का है। विधायिका और कार्यपालिका के पास असीम शक्तियां हैं। न्यायपालिका के पास संविधान के अनुसार बने नियम कानून के अनुसार काम हो रहा है, या नहीं। इसकी समीक्षा कर आदेश देने की शक्तियां न्यायपालिका के पास हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। इसका मतलब यह नहीं होता है, वह जजों के मालिक बन गए हैं। उपराष्ट्रपति धनखड स्वयं वकील हैं। उपराष्ट्रपति के रूप में संवैधानिक संस्था में विराजमान है। राज्यसभा के सभापति हैं, यदि वह संविधान की गलत व्याख्या करेंगे, तो हंसी का पात्र बनेंगे। होना तो यह चाहिए था, उन्हें इस मामले में कोई बयान नहीं देना चाहिए। उन्होंने सार्वजनिक रूप से बयान देकर न्यायपालिका और अपने पद की गरिमा को घटाने का काम किया है। भारत में जिस तरीके की स्थिति देखने को मिल रही है। रोजाना नियम और कानून की धज्जियां स्वयं सरकारों द्वारा उड़ाई जा रही हैं। संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। सरकार ने न्यायपालिका को पंगु बनाकर रख दिया है। न्यायाधीशों, चुनाव आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में जिस तरीके से सरकार अवैधानिक और मनमानी नियुक्तियां कर रही हैं। संवैधानिक संस्थाएं, सरकार के दवाब में काम कर रही हैं। यदि इस समय भी न्यायपालिका चुप रह गई, तो भारत में संविधान नाम की कोई चीज नहीं होगी। जिनके पास अधिकार हैं वह अधिकार के बल पर तानाशाही करेंगे। रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है। समरथ को नहीं दोष गुसाईं, सरकार और कार्यपालिका के अधिकार हैं। जिनका वह दुरुपयोग करते हैं। न्यायपालिका अपने अधिकारों का दुरुपयोग नहीं कर सकती है। न्यायपालिका संविधान के अनुरूप प्रत्येक मामले में अलग-अलग समीक्षा करके निर्णय करती है। उपराष्ट्रपति धनखड़ को ध्यान रखना होगा, इसी न्यायपालिका ने इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध घोषित किया था। आपातकाल में जो संशोधन किए गए थे। उन्हें असंवैधानिक मानकर न्यायपालिका ने निरस्त किया। उपराष्ट्रपति यदि न्यायपालिका के द्वारा दिए गए निर्णयों का अवलोकन करेंगे। उन्हें सैकड़ो ऐसे मामले मिलेंगे जहां न्यायपालिका ने विधायिका से पारित कानूनों को निरस्त किया है। उपराष्ट्रपति के संवैधानिक पद पर आसीन होने के बाद भी उन्होंने अपने पद की गरिमा नहीं रखी। धनखड़ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में विवादित रहे हैं। वैसे ही विवादित उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के रूप में हैं। ऐसी स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय को इस इस तरह के आदेश देने के लिए विवश होना पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने निश्चित रूप से अपने संवैधानिक दायित्व का पालन किया है। इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय की जितनी सराहना की जाए कम है।

**– सनत जैन**

# देश में समाप्त होने के कगार पर नक्सलवाद



रमेश सर्राफ धमोरा

पिछले छः दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में घोषणा की है कि 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। गृह मंत्री द्वारा की गई यह एक बहुत बड़ी घोषणा है। गत 60 वर्षों से देश नक्सलवाद की समस्या से बुरी तरह पीड़ित रहा है। इस दौरान देश में कई सरकारें आई और चली गई मगर नक्सलवाद का नासूर दिनों-दिन बढ़ता ही रहा था। देश के कई प्रदेशों में तो बहुत बड़े हिस्से में नक्सलवादी अपनी समानांतर सरकार तक चलाते थे। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था। नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था जिसे लोग मानने को मजबूर थे।

मगर अब परिस्थितियों पूरी तरह बदल चुकी है। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनो कहा कि नक्सलवाद मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत ने वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर 6 कर दिया है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर रोशनी डालते हुए और सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा था कि मोदी सरकार सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों और नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ रुख के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गृह मंत्रालय के अनुसार भारत में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या पहले 38 थी। इनमें से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या अब घटकर 6 हो गई है। साथ ही चिंता के जिलों और अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या में भी कमी आई है। नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित छह जिलों में अब छत्तीसगढ़ में चार जिले बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा झारखंड का पश्चिमी सिंहभूम जिला व महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला शामिल है। इसके अतिरिक्त चिंता के जिलों की संख्या जिन्हें गहन संसाधनों और ध्यान की आवश्यकता है 9 से घटकर 6 रह गई है। ये जिले आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू, मध्य प्रदेश में बालाघाट, ओडिशा में कालाहांडी, कंधमाल और मलकानगिरी और तेलंगाना में भद्राद्री-कोठागुडेम हैं। अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या जो नक्सली गतिविधि का भी सामना कर रहे हैं लेकिन कम हद तक 17 से घटकर 6 हो गई



है। इनमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी, झारखंड का लातेहार, ओडिशा का नुआपाड़ा और तेलंगाना का मुलुगु जिला शामिल हैं। इन जिलों को उनके पुनर्निर्माण और विकास में सहायता करने के लिए केंद्र सरकार विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों को 30 करोड़ रुपये मिलते हैं। जबकि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में अंतराल को भरने के लिए चिंता वाले जिलों को 10 करोड़ रुपये आवंटित किए जाते हैं। इन क्षेत्रों की जरूरतों के अनुरूप विशेष परियोजनाओं को भी सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।

नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में कम से कम 130 नक्सली मारे गए हैं। इनमें से 110 से ज्यादा बस्तर संभाग में मारे गए जिसमें बीजापुर और कांकेर समेत सात जिले शामिल हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से 105 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 2025 में अब तक 164 ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं इससे पहले वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया जा चुका है।

वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सलप्रभावित थे लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड्स बनाए गए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2004 से 2014 तक देश में नक्सलवाद से जुड़ी 16,463 हिंसक घटनाएं हुई थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसमें 53 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2004 से 2014 तक विभिन्न नक्सली हमलों और नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 1851 सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। लेकिन पिछले 10 साल में सुरक्षाबलों के हताहत होने की संख्या 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई है। वहीं 2004 से 14 के बीच नक्सली हमलों में 4,766 नागरिकों की मौत हुई थी। 2014 से 2024 के बीच यह आंकड़ा 70 प्रतिशत घटकर 1495 रह गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था।

पिछले 20 वर्षों में 2,344 सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलियों से लड़ते हुए अपनी जान गंवाई है पिछले दो दशकों में अकेले नक्सली हमलों में 6,258 लोग मारे गए हैं। जब देश में नक्सलवाद अपने चरम पर था तब 8 करोड़ लोगों को प्रभावित किया था। जिनमें मुख्य रूप से आदिवासी थे। यह आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में फैले एक लाल गलियारे के साथ 10 राज्यों में फैला हुआ था।

सरकार एक तरफ जहां नक्सलवाद को समाप्त करने की घोषणा कर रही है वहीं दूसरी तरफ शहरी नक्सलवाद जिसे अर्बन नक्सलवाद भी कहा जाता है तेजी से उभर रहा है। यह पारंपरिक ग्रामीण नक्सलवाद से अलग है क्योंकि इसका फोकस शहरों और शहरी इलाकों में होता है। शहरी नक्सली विचारधारा के समर्थक, जिनमें शिक्षाविद, छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल होते हैं नक्सलवादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करते हैं। वे विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक माध्यमों से अपनी विचारधारा फैलाते हैं और व्यवस्था के खिलाफ असंतोष को भड़काते हैं।

देश में नक्सलवाद के खिलाफ केंद्र सरकार के समग्र प्रयासों का असर दिखने लगा है। सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि अब देश में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या में कमी हो रही है। सरकार ने नक्सलवाद-मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। देश में वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या में कमी आना इस आंदोलन की समाप्ति के संकेत है।

नक्सलवादी आंदोलनकारियों ने अपनी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से देश को बहुत नुकसान पहुंचाया है। हजारों निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों ने भी नक्सलवादी विरोधी अभियान में अपनी शहादत दी है। एक समय था जब देश के 10 प्रांतो में नक्सलवादियों की तूती बोलती थी। इन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर भी हमला कर दिया था। जगदलपुर में तो नक्सलवादियों ने कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की हत्या कर सनसनी फैला दी थी। मगर अब केंद्र सरकार की नीतियों के कारण एक तरफ जहां इन पर दबाव बढ़ा है वहीं उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों में सरकार ने विकास की योजनाएं प्रारंभ कर उनका जन समर्थन समाप्त कर दिया है। कई बड़े नक्सली कमांडरो का एनकाउंटर होने के बाद डर कर बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। जिससे आने वाले समय में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति व्याप्त होगी। जो सरकार व आमजन की एक बड़ी जीत होगी।

## सुविचार

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है। **– शंकराचार्य**

बच्चों को पालना, उन्हें अच्छे व्यवहार की शिक्षा देना भी सेवाकार्य है, क्योंकि यह उनका जीवन सुखी बनाता है।

**– स्वामी रामसुखदास**

## प्रसंग

# सबको एक ही लाठी से नहीं हांकें

अकबर के राज्य में एक रात तीन व्यक्ति चोरी करते पकड़े गये। दरबार में उनकी पेशी हुई। पहला अपराधी बादशाह अकबर के सामने लाया गया। अकबर ने उसकी ओर देखा। उसने पूछा- 'क्यों जी यही सब करते हो? लज्जा नहीं आती। उन्होंने उसे छोड़ देने का आदेश दिया। अब कोतवाल दूसरे अपराधी को पकड़कर लाया। अकबर ने आदेश दिया- इसे दस कोड़े पीठ पर लगाओ। उसे दस कोड़े लगे। वह चिल्लाने लगा, फिर आदेश हुआ - अब इसे छोड़ दो। फिर तीसरा अपराधी लाया गया। बादशाह ने हुक्म दिया इसका सिर मुण्डन कराओ, चूने से इसके सिर को पोतो और गधे पर चढ़ाकर पूरे नगर में घुमाओ। वैसा ही किया गया। बीरबल तो सब कुछ जानते ही थे, फिर भी पूछा- हुजूर! तीनों अपराधी एक ही चोरी में पकड़े गए थे, फिर भी इन्हें अलग-अलग सजा क्यों हुई? बादशाह ने कहा- खुद आप इसकी जाँच कर लें कि तीनों व्यक्ति अभी क्या कर रहे हैं? खुफिया सिपाही नगर में दौड़े और उन्होंने आकर खबर दी। उन्होंने कहा- हुजूर! यह तो गजब हो गया, जिस पहले आदमी को बिना सजा के छोड़ा गया था उसने आत्महत्या कर ली है। दूसरा व्यक्ति घर में बंद होकर रो रहा है और तीसरा नुक्कड़ पर पान खाकर ठहाके लगा रहा था, कह रहा था फिर चोरी करनी है, इस राज्य में कोई सजा नहीं मिलती। सभी दरबारी यह सुनकर बादशाह के न्याय की प्रशंसा करने लगे।

## जरा हटके

# सामान्य स्मार्टफोन से करीब 25 करोड़ गुना तेज कैमरा वैज्ञानिकों ने किया तैयार

**वाशिंगटन (ईएमएस)।**

वैज्ञानिकों ने ऐसा कैमरा तैया किया है, जो एक सेकंड के खरबवें हिस्से में फोटो खींच सकता है। यह कैमरा सामान्य स्मार्टफोन से करीब 25 करोड़ गुना तेज है। कैमरे का नाम है वीएसपीडीएफ, कैमरे को कोलंबिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की टीम ने तैयार किया है। इसकी मदद से परमाणुओं की गति और उनकी हलचल को बेहद सटीकता से देख सकते है।

दरअसल वैज्ञानिक लंबे समय से इस प्रक्रिया को समझना चाहते थे, लेकिन तकनीक की सीमाओं के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा था। अब इस नए सुपर-फास्ट कैमरे से संभव हो सकेगा। यह कैमरा आम कैमरों की तरह रोशनी का इस्तेमाल नहीं करता, बल्कि न्यूट्रॉन नामक सूक्ष्म कणों की मदद से परमाणुओं की स्थिति का पता लगाता है। न्यूट्रॉन किसी पदार्थ से टकराकर जब गुजरते है, तब उनके रास्ते में हुए बदलावों से यह समझा जा सकता है कि आसपास कौन-कौन से परमाणु हैं और वे किस तरह से हिल रहे हैं।

वीएसपीडीएफ,कैमरा की स्पीड बदली जा सकती है, जिससे 'डायनामिक डिसऑर्डर' और 'स्टैटिक डिसऑर्डर' (सामान्य हलचल) के बीच फर्क करना आसान होता है। इस तकनीक को वैज्ञानिकों ने सबसे पहले जर्मेनियम टेल्यूराइड नामक पदार्थ पर आज़माया। यह पदार्थ थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणों में काम आता है, जो गर्मी से बिजली बनाते हैं या बिजली से ठंडक पैदा करते हैं। अध्ययन में सामने आया कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, इसके परमाणु खास दिशा में तेजी से हिलने लगते हैं वही दिशा जिससे यह बिजली खींचता है। इस खोज से वैज्ञानिकों को न केवल जटिल पदार्थों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी, बल्कि इसतरह के नए उपकरण बनाने की दिशा में भी रास्ता खुलेगा जो अंतरिक्ष अभियानों जैसे कि मंगल ग्रह पर चलने वाले रोवर के लिए ऊर्जा मुहैया करा सकें।

## फोटो ऑफ द डे



कैलीफोर्निया में बर्कले यूनीवर्सिटी में एक रैली में बैनर लेकर प्रदर्शन करते हुए लोग। (फोटो-ईएमएस)

## राज काज

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटेगी सरकार?

सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को लेकर जो फैसला दिया है। केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वीकार नहीं है। सरकार जल्द ही विधेयक ला सकती है। विधेयक के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट का फैसला सरकार पलट देगी। एक संभावना यह भी व्यक्त की जा रही है। सरकार सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर करेगी। बड़ी बेंच से दो जजों की खंडपीठ का फैसला सरकार बदलवाने का प्रयास करेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से तमिलनाडु के 10 कानून को मान्यता मिली है। यदि ऐसा होता रहा, तो केंद्र सरकार कुछ कर ही नहीं पाएगी। केंद्र सरकार के जो हाथी के दांत दिखाने वाले हैं। यदि वह टूट गए तो राज्य सरकारों का डर और भय खत्म हो जाएगा। अभी तो राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार की सत्ता राज्यों में चल रही है। केंद्र सरकार इस सत्ता को किसी भी कीमत में खोना नहीं चाहती है। केंद्र सरकार ने राज्यपालों के इस्तीफा नहीं लिए। जिनके कामकाज के बारे में सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर टिप्पणी की थी। केंद्र सरकार हैरान हैं। सुप्रीम कोर्ट के जज इस तरह का फैसला कैसे दे सकते हैं।

## योगी महाराज की शासन प्रणाली से नए जातीय समीकरण

उत्तर प्रदेश की योगी बाबा की सरकार को मुगालता है, कुंभ के सफल आयोजन के बाद हिंदू मतदाता बड़े पैमाने पर एकजुट हो गया है। अयोध्या, वाराणसी और मथुरा के साथ-साथ अब संभल भी हिंदू आस्था का बड़ा केंद्र बन गया है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति है। हिंदू मुस्लिम के साथ अब दलित और राजपूत का झगड़ा शुरू हो गया है। उसके कारण हिंदुओं की कई जातियों में योगी सरकार के प्रति भारी विद्रोह देखने को मिल रहा है। आगरा के सांसद रामजीलाल सुमन के साथ जिस तरह की दादागिरी करणी सेना ने की है। जिस तरह से सड़कों पर तलवार लहराकर दलित सांसद को धमकी दी गई है। सरकार चुपचाप तमाशा देख रही है। इससे उत्तर प्रदेश के दलित नाराज हो गए हैं। पिछडे और दलित वर्ग की नाराजी खुलकर सामने आने लगी है। सत्ता का नशा बड़ा भयंकर होता है। सत्ता से उतरने के बाद ही यह नशा उतरता है। जिस तरह के हालात देखने को मिल रहे हैं। उसके बाद कहा जा सकता है, योगी बाबा ज्यादा दिन सत्ता पर टिकेंगे नहीं।

## व्यंग्य

# सांस्कृतिक विरासत

**–अगस्त्य कोहली**

भई, अपनी कल्चर और लैंग्वेज बहुत इंपोर्टेंट होती है।

होती तो है, मैं बोला। अपनी संस्कृति और भाषा छूट जाए, तो अपना बचा ही क्या?

सही बात है। रमेश बाबू ने सिर हिलाया। इसीलिए तो हम अपने बच्चों को हिंदी सिखा रहे हैं।

अच्छा? मुझे थोड़ा आश्चर्य हुआ। आप घर पर नियमित रूप से बच्चों को हिंदी पढ़ाते हैं?

नहीं, नहीं, घर पर नहीं। वो एक हिंदी स्कूल है न? हर संडे को दोपहर को क्लासेज़ लगती हैं। वहाँ अपने दोनों नन्हें मुन्नों को दाखिल करा रखा है। बड़ा अच्छा काम कर रहे हैं वो लोग। बड़ी मेहनत करते हैं।

मुझे अमरीका में रहते कई वर्ष हो गए हैं। कोई हिंदुस्तानी दोस्त न मिले, तो हिंदी बोले बिना कितने ही दिन निकल जाते हैं। पढ़ना-लिखना, सीखना-सिखाना तो बहुत दूर की बात है। यह जान कर कि शहर में एक संस्था ऐसी भी है जो कि विदेश में बसे भारतीय परिवारों के बच्चों को हिंदी सिखाती है, मुझे बहुत हर्ष हुआ। सोचा इनके बारे में कुछ और जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

अच्छा! यह तो बहुत बढ़िया बात बताई आपने, रमेश बाबू। क्या सिखाते हैं यह लोग इस हिंदी स्कूल में? हिंदी सिखाते हैं, तो बच्चे कुछ न कुछ भारतीयता भी अपने आप ही ग्रहण करते होंगे? भाषा तो समाज की आत्मा के समान है- यदि कोई व्यक्ति एक नई भाषा सीखे, तो उस समाज की संस्कृति से अछूता कैसे रह सकता है?

अरे नहीं, सिर्फ़ हिंदी थोड़े न सिखाते हैं। कल्चर भी सिखाते हैं।

कल्चर माने? भारतीय संस्कृति जैसा व्यापक विषय पढ़ाना आसान तो है नहीं। मुझसे पूछे बिना नहीं रह गया।

कल्चर के नाम पर सिखाते क्या हैं? हमारे धर्म? दर्शन शास्त्र? नृत्य और संगीत. . .? पारंपारिक कलाएँ?

अरे भई सब कुछ! कह तो रहा हूँ- बड़ी मेहनत का काम है। रिलिजन्स भी सिखाते हैं, म्यूज़िक भी, डान्स भी। अपने देश की रिवर्स, नैशनल सिंबल, नैशनल ऐनिमल्स, स्पोट्?र्स- सब कुछ।

रमेश बाबू की अपनी हिंदी चाहे कितनी ही भ्रष्ट क्यों न हो, उन्हें इस बात का श्रेय तो देना ही पड़ेगा कि अपने बच्चों को देश की संस्कृति से जोड़े रखने का उन्होंने एक उत्तम रास्ता खोज निकाला था। इस संस्था और वहाँ पढ़ाई जाने वाली हिंदी का स्तर क्या है, यह कहना तो कठिन है। पर स्तर कितना भी ख़राब क्यों न हो, अपने रमेश बाबू की हिंदी से बुरा क्या होगा। और ये तो दिल्ली से हिंदी सीख कर आए हैं!

बस हमें तो एक ही शिकायत है इस हिंदी स्कूल से. . . रमेश बाबू की सूरत पर उदासी झलकी।

वह क्या? वो लोग स्क्रिप्ट और राइटिंग पर बहुत स्ट्रेस डालते हैं। बच्चों से ज़्यादा, हम माँ बाप की मुसीबत हो जाती है। हम तो बार-बार उनसे यही कहते हैं, कि वो ग़लत चीज़ पर स्ट्रेस दे रहे हैं। हमारा तो हर बार यही फ़ीडबैक होता है। स्क्रिप्ट सीखने की क्या ज़रूरत है? बस बच्चों को हिंदी बोलना सिखा दो। हिंदी पढ़ने-लिखने की उन्हें कब ज़रूरत पड़ेगी? हिंदुस्तान में भी इंग्लिश से सारा काम चल जाता है।

## चिंतन-मनन

# अहंकार से ज्ञान का नाश

अहंकार से मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है। अहंकार से ज्ञान का नाश हो जाता है। अहंकार होने से मनुष्य के सब काम बिगड़ जाते हैं। भगवान कण-कण में व्याप्त है। जहाँ उसे प्रेम से पुकारो वहीं प्रकट हो जाते हैं। भगवान को पाने का उपाय केवल प्रेम ही है। भगवान किसी को सुख-दुख नहीं देता। जो जीव जैसा कर्म करेगा, वैसा उसे फल मिलता है। मनुष्य को हमेशा शुभ कार्य करते रहना चाहिए।

कभी किसी को नहीं सताओ : धर्मशास्त्र के श्रवण, अध्ययन एवं मनन करने से मानव मात्र के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भावना एवं मर्यादा का उदय होता है। हमारे धर्मग्रंथों में जीवमात्र के प्रति दुर्विचारों को पाप कहा है और जो दूसरे का हित करता है, वही सबसे बड़ा धर्म है। हमें कभी किसी को नहीं सताना चाहिए। और सर्व सुख के लिए कार्य करते रहना चाहिए। गुप्तदान महादान : मनुष्य को दान देने के लिए प्रचार नहीं करना चाहिए, क्योंकि दान में जो भी वस्तु दी जाए, उसको गुप्त रूप से देना चाहिए। हर मनुष्य को भक्त प्रहलाद जैसी भक्ति करना चाहिए। जीवन में किसी से कुछ भी माँगो तो छोटा बनकर ही माँगो। जब तक मनुष्य जीवन में शुभ कर्म नहीं करेगा, भगवान का स्मरण नहीं करेगा, तब तक उसे सद्बुद्धि नहीं मिलेगी। मृत्यु से कोई नहीं बच पाया : धन, मित्र, स्त्रि तथा पृथ्वी के समस्त भोग आदि तो बार-बार मिलते हैं, किन्तु मनुष्य शरीर बार-बार जीव को नहीं मिलता।

## स्वास्थ्य

# आडू ऐसा फल जो दिल से लेकर त्वचा तक को रखता है स्वस्थ

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** गर्मी अब अपना जलवा दिखाने लगी है। इस मौसम में सेहत का ज्यादा ध्यान रखना चाहिए। इसको लेकर मौसम विभाग भी चेतावनी जारी करता है। गर्मी से बच्चे-बूढ़े और जवान सभी परेशान रहते हैं, लेकिन यह मौसम अच्छा भी होता है। जैसे इस मौसम फलों का राजा आम जिसे देख लोगों के मुंह में पानी आ जात है। उसी तरह कई फल हैं जैसे तरबूज, खरबूज आदि जो आपके शरीर में पानी की कमी को पूरा करते हैं। उन्?हीं में से एक फल है आडू।

ये एक ऐसा फल है जो स्वाद में मीठा होता है। ये बेहद रसीला फल होता है। इस फल के अंदर बादाम जैसा बीज निकलता है। गर्मियों में हमें पसीना आता है, इस कारण हमारे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। आडू में पानी की मात्रा भरपूर होती है। ये शरीर को हाइड्रेट रखता है। इसे खाने से शरीर ठंडा रहता है। लू से भी बचाता है। आडू में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है। ये पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने में मदद करता है। कब्ज समस्या से छुटकारा दिलाता है। रोजाना एक आडू खाने से पेट संबंधी कई परेशानियों से राहत मिल सकती है। इस रसीले फल में विटामिन सी, ए, और ई की अच्छी मात्रा होती है। ये इम्युनिटी को मजबूत बनाने में कारगर है। गर्मियों में वायरल इन्फेक्शन और इंफ्लूएंजा से बचाव के लिए आडू का सेवन काफी फायदेमंद है। आडू में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रखने में मदद करते हैं।

### आयुक्त ने की सीएम हेल्प लाईन की समीक्षा

**देवास, ईएमएस।** आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा सीएम हेल्प लाईन मे नगर निगम संबंधि दर्ज शिकायतों को समयावधि मे निराकरण करने के साथ ही शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने से, जिससे नगर निगम शासन स्तर पर जारी ग्रेडिंग के सुधार करने के भी निर्देश जारी किये गये।

### पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी की जयंती मनाई

**देवास, ईएमएस।** शरद यादव विचार मंच द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर जी की 98वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया गया। जनता दल यूनाइटेड के पूर्व प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तिवारी ने श्री चंद्रशेखर जी को एक आदर्शवादी एवं वैचारिक राजनेता बताते हुए उनके विचारो को आत्मसात करने पर जोर दिया। वरिष्ठ समाजवादी नेता अफजल शेख ने बताया कि श्री चंद्रशेखर सहज एवं सरल राजनेता के रूप सदैव याद किया जाएगा।

## फटाफट खबरें

### सप्लाय वॉल्व लीकेज होने से हजारों गैलन पानी बहा

**खरगोन, ईएमएस।** शहर के जैतापुर की ओर जाने वाली पेयजल पाईप लाईन का वॉल्प बीती रात अचानक खुल गया और फव्वारे की तरह पानी बहने लगा। इसके चलते हजारों गैलन लीटर पानी सड़क पर व्यर्थ बहता रहा। चंद ही मिनटों में उक्त सड़क पानी से लबालब भर गई। वॉल्व फुट जाने से जैतापुर क्षेत्र की कई कालोनियों में पानी की सप्लाई नही हो सकी। उक्त कॉलोनी के लोग नल के आने का इंतजार ही करते रहे। मिली जानकारी अनुसार सनावद रोड पर डीआरपी लाईने सामने जेएमसी कंपनी की नई पाईप लाईन में यह तकनीकी खराबी आई थी। भीषण गर्मी में जहां कई इलाकों, गांवों में पेयजल संकट मंडरा रहा है तो वही कंपनी की लापरवाही के चलते पानी व्यर्थ बह गया।

### अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम की दिखावे की कार्रवाई

**बुरहानपुर, ईएमएस।** यातायात समिति की बैठक के बाद शहर में बढ़ते अति मण और यातायात सुधार को लेकर अनेक प्रस्ताव पारित किए गए थे लेकिन कोई सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी इस पर कार्यवाही नहीं होने के चलते समाचार पत्रों की सुर्खियों में आने के बाद अब नगर निगम प्रशासन जगह और इंदौर इच्छापुर हाईवे पर दिखावे की कार्यवाही तक नहीं की नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव की निर्देशन में अति मण हटाओ दस्ते ने बस स्टैंड से राजपुरा गेट और अंकिता टॉकीज तक रोड के दोनों तरफ खड़े अव्यवस्थित वाहनों को हटाकर उन्हें जप्त करते हुए चालानी कार्यवाही की गई जबकि शहर के भीतर भी मुख्य मार्गों पर अवैध पार्किंग और खवांचेवाले का मुख्य मार्ग पर डेरा है इस ओर नगर निगम के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने के चलते इसको लेकर निगम प्रशासन पर उंगलियां उठ रही है नगर निगम द्वारा यातायात विभाग के साथ मिलकर शहर के भीतरी भाग पांडूमल चौराहा कमल टॉकीज गांधी चौक फवारा चौक से अवैध रूप से हाथ ठेले वालों और अवैध पार्किंग से होने वाले अति मण को हटाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई है!

### आचार्य 108 मुनि श्री विनिश्चय सागर जी महाराज ससंघ मंगल प्रवेश आज

**सीहोर, ईएमएस।** दिगंबर जैन संत आचार्य 108 मुनि श्री विनिश्चय सागर जी महाराज ससंघ जिसमें 7 मुनिराज एवं 2 आर्यिका माता जी के संघ का आज शनिवार को प्रातः 8 बजे चाणक्यपुरी से मंगल प्रवेश होगा। श्रावक श्राविकाएं भक्ति भाव से भव्य विशाल अगवानी के पावन अवसर पर श्रद्धालु पद प्रक्षालन कर आरती पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर ससंघ को शोभायात्रा के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी पहुंचेंगे जहां आचार्य श्री ससंघ भगवान के दर्शन आराधना कर धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रवचन होंगे। तत्पश्चात संत श्री आहार चर्या विधी विधान से श्रावक श्राविकाएं संपन्न करेंगे। नवीन संतभवन में दोपहर में स्वाध्याय धार्मिक शिक्षण कक्षा में श्रद्धालु ज्ञानार्जन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

### आयुक्त ने की संपत्तिकर व जलकर वसुली की समीक्षा

**देवास, ईएमएस।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा नगर निगम संपत्तिकर, जलकर की पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की वसुली की समीक्षा कर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के संपत्तिकर व जलकर की वसुली के लक्ष्यों का निर्धारण कर वसुली करने के निर्देश संबंधित विभाग प्रमुखों को दिये गये। बैठक मे आयुक्त के द्वारा विगत परिषद की बैठक मे लिये गये निर्णय अनुसार कलेक्टर गाईड लाईन के पूर्व दरों मे 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई। वार्षिक भाडा मूल्यों की दरों के अनुसार वसुली करने के साथ ही 10 मई 2025 को विशेष लोक अदालत मे वसुली के लक्ष्यो को सौपंते हुये वसुली करने के निर्देश जारी किये गये।

## नपा अध्यक्ष ने लोगों की समस्याएं सुनकर किया निराकरण

**मैहर, ईएमएस।** शुक्रवार को सुबह 11 वार्ड मांक 01 अंधरा टोला, न्यू अरकंडी एवं महाराजा नगर के लोग जल संकट, साफ सफाई एवं लाइट की समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी के निवास में



जाकर मिले और वार्ड की समस्याएं बताई। नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी ने उनकी विधिवत समस्याएं सुनकर त्वरित निराकरण भी किया। वार्ड की जनता खुश होकर अपने अपने घर को लौट गए।

### शहर के चर्च मैदान पर ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता, सीहोर बाइज ने सीहोर ब्लू को 3-2 से हराया

**सीहोर, ईएमएस।** शहर के चर्च मैदान 85 दिवसीय निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में बालिका-बालक वर्ग के अनेक खिलाड़ी शामिल हो रहे है।

वहीं ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शुक्रवार को सीहोर बाइज ने सीहोर ब्लू को 3-2 से हराया। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से अथर्व, कृष्णा और सारांश ने 1-1 गोल किया था। वहीं सीहोर ब्लू की ओर से दिव्यांश-अग्रिम ने 1-1 गोल किए थे। शनिवार की शाम को सीहोर क्लब और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य मैच खेला जाएगा।

## संस्कृत विषय का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**सिवनीमालवा(ईएमएस)।**

विकासखंड सिवनीमालवा में संस्कृत विषय का अध्यापन कराने वाले उच्च माध्यमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक एवं अन्य शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह रघुवंशी, संगीता यादव बीआरसी, संयोजक सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्राचार्य प्रशिक्षण प्रभारी संतोष कुमार शर्मा, विकास खंड अकादमिक समन्वयक कमलेश यादव बीएसी द्वारा प्रशिक्षण किया गया।

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को संस्कृत में 100 सुभाषित श्लोक कंठस्थ कराने हेतु आव्हान के प्राप्त निर्देशों के क्रम में संस्कृत विषय में शिक्षकों की शिक्षण गुणवत्ता में वृद्धि हेतु एंव संस्कृत विषय के नवाचारों को कक्षा कक्ष में लागू करने हेतु



सिवनीमालवा विकासखण्ड में शिक्षक प्रशिक्षण सम्भाषण 17 से 22 अप्रैल तक प्रशिक्षण स्थल शासकीय नवीन हाईस्कूल सिवनीमालवा में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 17 अप्रैल को विकासखंड के संस्कृत विषय का अध्यापन कराने वाले 89 शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रहीं। जिला स्तरीय संस्कृत प्रकोष्ठ के प्रशिक्षक गोपाल पांडे (इटारसी) द्वारा संस्कृत विषय में अध्यापन के प्रशिक्षण टीएलएम एवं कुशलतम तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

▸ अमृत 1.0 योजना के अंतर्गत 177.3 किलोमीटर सीवरेज लाइन प्रस्तावित थी

## गुना नगर में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने की समीक्षा बैठक

**गुना, ईएमएस।**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आज नगर पालिका परिषद गुना में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन नगर पालिका परिषद सभागार में किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई।



बैठक की शुरुआत में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता द्वारा मंत्री श्री राजपूत का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। वहीं, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धरम सोनी द्वारा विधायक श्री पन्नालाल शाक्य का सम्मान किया गया। बैठक में विधायक श्री पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिकरवार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविन्द्र गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धरम सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणसहित कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री तेजसिंह यादवअन्य अधिकारीगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री किशोर कन्याल ने बैठक की शुरुआत करते हुए कहा कि नगर पालिका की व्यवस्था सभी के सहयोग से संचालित होती है। हमें मिलकर कार्य करना है ताकि गुना नगर पालिका से नगर निगम बनने के प्रस्ताव को और मजबूती मिल सके। सीएमओ श्री तेज सिंह यादव ने नगर में चल रहे प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 112 करोड़ रुपए की लागत से 120 एमआईजी, 336 एलआईजी एवं 720 ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से अनेक भवन हितग्राहियों को सौंपे जा चुके हैं और शेष कार्य सितंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि बजरंगगढ़ बायपास रोड पर 375 लाख की लागत से ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य जारी है, जिसका 60त्न कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य नवंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। अमृत 1.0 योजना के अंतर्गत 177.3 किलोमीटर सीवरेज लाइन प्रस्तावित थी, जिसमें से 176.8 किलोमीटर का कार्य पूर्ण हो चुका है। योजना के अंतर्गत अब तक 19,600 सीवर कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। इस पर कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि ट्रीटेड वॉटर प्लांट से प्राप्त जल का उपयोग औद्योगिक क्षेत्रों में कर नगरपालिका आय का एक नया स्रोत विकसित कर सकती है। कायाकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत नगर की सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए 230 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें 60त्न कार्य पूर्ण हो चुका है। कार्य को शेष राशि प्राप्त होते ही तीन माह में पूरा किया जाएगा। नगर में कुल 52 पार्कों का रखरखाव नगर पालिका एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है। जलप्रदाय व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए सीएमओ ने बताया कि नगर की कुल जल मांग 25 एमएलडी है, जिसमें से 15 एमएलडी सिंध नदी पर निर्मित फिल्टर प्लांट एवं 10 एमएलडी जल 405 नलकूपों एवं 165 हैंडपंपों से आपूर्ति की जा रही है।

### 11वीं जिला पेंचक सिलाट चैंपियनशिप संपन्न

**देवास, ईएमएस।**

उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित ग्यारहवीं सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप संपन्न हुई। मुख्य अतिथि अबरार अहमद शेख (पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष) के द्वारा टैंडिंग (फाइट) की शुरुआत की गई।

इस प्रतियोगिता में सेनी इवेंट्स टूंगल में भूमिका जैन, सोलो में दिशा रेड्डी, गांडा इवेंट्स में दिशा रेड्डी, जागृति योगी और रेगू इवेंट्स में महिमा पटेल, रौनक चौहान, जैनब खान का स्वर्ण पदक रहा। फाइट में लक्ष्मी मालवीय, जागृति योगी, जैनब, खान, तनीशा सरकार, रौनक चौहान का स्वर्ण पदक कृतिका सेन का रजत पदक रहा।

### पीएचई विभाग के प्रमुख सचिव श्री नरहरि ने की जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा

## पेयजल समस्या की शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत निराकरण करें : प्रमुख सचिव श्री नरहरि

**सीहोर, ईएमएस।**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव श्री पी नरहरि की अध्यक्षता में सीहोर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के., जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रमुख सचिव श्री पी नरहरि ने जिले में चल रहे नल जल योजनाओं के कार्यों कि विकासखण्डवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी ग्राम में पेयजल समस्या की शिकायत प्राप्त होने पर समस्या का तुरन्त निराकरण किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद एवं पीएचई के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमण करें और पेयजल समस्या निर्मित होने के पहले ही उचित कार्यवाही करे। बैठक में मुख्य अभियन्ता श्री आर. के. हिरोडिया, सभी जनपद सीईओ, जल निगम एवं पीएचई के अधिकारी उपस्थित थे।

## सीवर लाइन के ठेकेदार ने शहर की सड़कों का निकाला कचूमर

**मैहर, ईएमएस।** शहर की दुर्दशा को लेकर आम जनमानस में काफी नाराजगी देखी जा रही है और लोग प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। विगत 1 वर्ष से पूरा शहर गडढो में तब्दील है इसके कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। धूल और डस्ट ने शहर के लोगों की जिंदगी को नर्क बना दिया है। स्मार्ट सिटी के घटिया निर्माण कार्य प्रशासन की नाकामी के सबूत हैं। ठेकेदार की मनमानी चरम पर है, ठेकेदार जब चाहें सड़कें खोद देते हैं बिना किसी प्लान या जवाबदेही के हफ्तों, महीनों उसी हाल में छोड़कर आगे बढ़ जाते हैं। ताजा मामला देवी जी रोड का है जहां अचानक सड़क खोद कर मिटटी का ढेर लगा दिया गया जिससे कि लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्पष्ट है कि बिना किसी प्लान के जनहित को उपेक्षित कर ठेकेदारों की मनमानी शहर में हावी है। इस तरह की अराजकता नहीं चलनी चाहिए शासन इस पर तुरन्त कदम उठाए। यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। फुटपाथों पर ठेले और रिक्सों का कब्जा है। सड़कों पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों की अंधाधुंध भीड़ ने हालात को बेकाबू कर दिया है। सड़कों में अतिक्रमण के चलते सड़कें संकरी होती जा रही है और प्रशासन को इसकी परवाह नहीं है। आखिर कब तक शहरवासी इस अव्यवस्था को झेलते रहेंगे।



## धुं- धुंकर जली शासकीय परिसर में खड़ी कार

**खरगोन, ईएमएस।** शहर के डायवर्शन रोड स्थित पीडब्लूडी ऑफिस परिसर में बीती रात उस वक्त अचानक अफरातफरी मच गई जब एक लक्झरी कार में अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंचे फायर फायटर की मदद से आग पर काबू पाया गया। आगजनी के पहले शादी समारोह का बाना निकलने के दौरान हुई आतिशबाजी से कार में आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी अनुसार कार क्रमांक एमपी 09 एजी 9678 में अचानक आग लग गई। कार रविन्द्र नगर निवासी महेश जोशी की बताई जा रही है। जोशी ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से पीडब्लूडी के बाउंड्री बाल से लेस परिसर में कार खड़ी की थी। आशंका जताई जा रही है कि आतिशबाजी से उड़ी चिंगारी से पेड से गिरे सूखे पत्तो में आग लगी और वह कार तक पहुंच गई। पीडब्लूडी विभाग के अधिकारी कर्मचारी की सूचना पर मौके पर पहुंचे नगरपालिका के फायर ने आग पर काबू पाया। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

## सहकारी बैंक ने लगाई लंबी छलांग, अर्जित किया 5.79 करोड़ शुद्ध लाभ कर

**खरगोन, ईएमएस।**

वित्तीय वर्ष 2024.25 की अवधि में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित ने सभी सेक्टर में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 5.79 करोड रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया, जो गतवर्ष 2023.24 की तुलना में एक सौ तीस प्रतिश त अधिक है।

सीसीबी प्रबंध संचालक पीएम धनवाल ने बताया कि बैंक की प्रगति के लिए लगातार निवाचार किए जा रहे है। इसमें ऋण महोत्सव एवं अमानत बचत पखवाडा, सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत बैंक से संबंद्ध संस्था भीकनगांव, खेतिया, पानसेमल में जन औषधि केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। बैंक द्वारा प्रदेष में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन में प्रथम स्थान अर्जित कर खरगोन एवं बडवानी जिले गौरान्वित किया गया है। इसी तरह बैंक से संबंद्ध संस्था घुघरियाखेडी के द्वारा एग्रीड्रोन का उत्कृष्ट संचालन कर अतिरिक्त आय अर्जित करने हेतु मुख्यमंत्री द्वारा सम्मान प्राप्त किया गया है।

भव्य ग्राहक जागरूकता अभियान चलाकर बैंक की रीति नीति, बैंक की ऋणा योजनाओं एवं बैंक विभिन्न अमानत योजनाओं की जानकारी को गांव.गांव तक पहुंचाई गई। श्री धनवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024.25 में बैंक द्वारा चहुंमुखी प्रगति की गई है। बैंक द्वारा गतवर्ष की तुलना में अंशपूंजी 2.80 करोड रुपए, अमानत 238.58 करोड रुपए, ऋण वितरण 143.05 करोड रुपए, ऋणग्रहण 555.22 करोड रुपए, विनियोजन 656.62 करोड रुपए, कार्यषील पूंजी 822.29 करोड रुपए की वृद्धि की गयी है।

अकृषि कालातीत ऋणों की वसूली की जाकर एनपीए के स्तर को 2.85 प्रतिषत पर ला खडा किया गया है जो कि भारतीय रिर्जव बैंक के निर्धारित मापदण्ड 5 प्रतिशत से कम है। बैंक प्रगति के लिए बैंक प्रशासक एवं संयुक्त आयुक्त सहकारिता संभाग इंदौर बीएल मकवाना, समस्त बैंक एवं समिति कर्मचारियों के द्वारा अनुशासित रूप से बैंक द्वारा दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति हेतु कार्य करना बताया गया। मुनाफा राशि से वर्ष 2025.26 में बैंक द्वारा जमा राशि का आंकडा 500 करोड बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कालातीत कृषकों को शासन की शून्य प्रतिषत ब्याज योजना का अधिकाधिक लाभ दिलाने एवं मुख्य धारा में लाने हेतु समस्त संभव प्रयास किए जायेगें। 500 करोड सावधिक कृषि एवं अकृषि ऋण वितरण किए जाने के लक्ष्य निर्धारित। 4000 करोड अल्पकालिन फसल ऋण वितरण किए जाने के लक्ष्य निर्धारित।

### 32 साल में 81 वां नेत्रदान : बुजुर्ग की आंखों से दो लोगों को मिलेगी रोशनी, अब तक 162 लोगों की जिंदगी में फैला उजाला

**सिरोंज, ईएमएस।**

एक और नेक पहल के तहत 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मृत्यु के बाद उनके परिवार ने नेत्रदान का निर्णय लिया। यह शहर का 81वां नेत्रदान है। स्टेशनरी वि ेता चौधरी परिवार से संबंधित पुखराज बाई चौधरी का 16 अप्रैल को निधन हुआ।

परिवार ने नेत्रदान का फैसला किया। प्रवीण जैन के माध्यम से शाजापुर जिला चिकित्सालय ओर अंगदान देहदान को समर्पित सामाजिक संस्था किरण फाउंडेशन भोपाल से संपर्क किया गया। शाम 6 बजे हुई मृत्यु के बाद 7~30 बजे जिला अस्पताल को सूचना दी गई। 65 किलोमीटर दूर शाजापुर से डॉक्टर किरण आठिया रात 10 बजे एंबुलेंस से शुजालपुर पहुंचीं। नेत्र सहायक मनीष माहेश्वरी ने पहले से ही आंखों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था कर दी थी।कार्निया को आईबैंक इंदौर भेजा गया। शुजालपुर पिछले 32 सालों से नेत्रदान में शाजापुर जिले में अग्रणी है। यहां से अब तक 162 लोगों को दृष्टि मिल चुकी है। डॉक्टर किरण आठिया, डॉक्टर अभिजीत देशमुख किरण फाऊंडेशन के सचिव डॉक्टर राकेश भार्गव के प्रयासों से नेत्रदान कराया गया।

### दिगम्बर जैन मंदिर के विध्वंस के दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर सांसद नवीन जैन ने मुख्यमंत्री को लिख पत्र

## आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मामले को लेकर जाहिर की चिंता, मामले को बताया दुर्भाग्य पूर्ण

**सिरोंज, ईएमएस।** मुम्बई के विले पार्ले में 1008 पार्शवनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के विध्वंस के दोषी अधिकारियो पर कार्यवाही को लेकर सांसद सदस्य नवीन जैन ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से मोबाईल पर चर्चा की।

तो वही उन्होने एक पत्र लिखते हुए कहा कि विले पार्ले पूर्व मुंबई में 1008 पार्शवनाथ दिगंबर जैन मंदिर के विध्वंस के दोषी अधिकारियों के निलंबन एवं मंदिर पुनर्निर्माण के लिए त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। सासंद नवीन जैन ने कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में महाराष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। जैन धर्म और इसकी सांस्कृतिक विरासत के प्रति आपका सम्मान हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस विषय पर मेरी आपसे फोन पर हुई बातचीत के संदर्भ में, मैं यह पत्र लिख रहा हूँ।

प्रत्येक जैन हृदय में दुख,कोध और निराशा व्याप्त - सासंद नवीन जैन ने कहा कि मेरे हृदय को गहरी ठेस पहुँची है, जब मुझे सूचना मिली कि विले पार्ले (पूर्व), मुंबई में स्थित '1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर', जो 30 वर्षों से अधिक समय से जैन श्रद्धालुओं का पवित्र तीर्थ रहा है, उक्त मंदिर को मुंबई महानगर पालिका बीएमसी ने 16 अप्रैल, 2025 को ध्वस्त कर दिया। यह घटना केवल एक मंदिर का विध्वंस नहीं, बल्कि लाखों जैन श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास पर गहरा आघात है। मेरे संज्ञान में आया है कि यह विध्वंस एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य एक होटल समूह को अनुचित लाभ पहुँचाना था।

जब जैन समाज ने इस अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध किया, तो पुलिस ने उनकी आवाज को दबाया और हमारी श्राविकाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। हमारे पवित्र धार्मिक ग्रंथों को सड़कों पर फेंक दिया गया और तीर्थंकरों की मूर्तियों का अपमान किया गया। जो अहिंसा, त्याग और करुणा का प्रतीक हैं। इस घटना के वीडियो और चित्र देशभर में वायरल हो रहे हैं, जिससे प्रत्येक जैन हृदय में दुख,क्रोध और निराशा व्याप्त है।

▸ जब एक परमात्मा से सम्बंध जोड़ लेंगे तो सुख का अनुभव कर सकेंगे

## हर पल खुशी का अनुभव करने के लिए खुद को ध्यान से देखें : मंजू दीदी

**देवास, ईएमएस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग अनुभूति केंद्र मोती बंगला, देवास द्वारा केंद्र पर तनाव से मुक्ति हेतु 5 दिवसीय निशुल्क शिविर का आयोजन दिनांक 13 से 17 अप्रैल तक किया जा रहा है। 15 अप्रैल, मंगलवार बी.एन. पी सीआईएसएफ यूनिट में सीआईएसएफ कर्मियों के मध्य बिलासपुर से पधारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी जी ने खुशी हर पल विषय लेते हुए कहा कि हर पल खुशी का आधार आत्मिक प्रेम है।

आत्मा की शक्ति कमजोर होने से लोग अपनी खुशी जो आत्मा का निजी संस्कार है, वो बाहर धन-संपदा और साधनो में ढूंढते रहते हैं, लेकिन इन साधनो से प्राप्त सुख अल्पकालिक होने के कारण रिश्तों में बिखराव होने लगता है। जब एक परमात्मा से सम्बंध जोड़ लेंगे तो सुख का अनुभव कर सकेंगे। हर पल खुशी का अनुभव करने के लिए खुद को ध्यान से देखें और अपने गुणों को और कमजोरियों को अनालाईज करके चेक करें। अपनी क्वालिटी को और बेहतर बनाएं, उससे दूसरों को खुशियां दें और साथ ही अपनी कमजोरियों पर भी काम करें, सुनिश्चित करें कि मेरी कोई भी कमजोरी दूसरों को दुख न दे। ऐसा करने से आप सभी का आशीर्वाद और दुआएं अनुभव करेंगे और खुशियों से भरपूर रहेंगे। सभी सीआईएसएफ कर्मियों को मंजू दीदी योग कराया तथा ध्यान से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सीआईएसएफ कमांडेंट संदीप जी ने ब्रह्मा कुमारी बहनो का आभार माना। आपने बहनो से आग्रह किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहे जिससे यूनिट के कर्मियों को लाभ मिलता रहे। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्मा कुमारी भगवती ने नगर के प्रबुद्ध लोगों से निशुल्क शिविर में ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।

### कॉम्बिंग गश्त: गुण्डा.बदमाशों के घरों पर दी दस्तक, 181 वारंटीयों की पुलिस ने की धरपकड़

**खरगोन, ईएमएस।** गुंडे बदमाशों व असमाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस ने एक बार फिर कॉम्बिंग गश्त कर गुंडे बदमाशों के घर औचक दस्तक देने के साथ ही 181 वारंटियों की धरपकड़ की है। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने कॉम्बिंग गश्त को ब्रीफ किया। इसके बाद करीब 400 से अधिक पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों ने अपने- अपने थानाक्षेत्रों में रात 12 से सुबह 05 बजे तक गश्त की। इस दौरान 76 लिस्टेड गुंडे व 40 निगरानी बदमाशों को चेक किया गया। इस कॉम्बिंग गश्त का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण के लिए से फरार चल रहे वारंटशुदा शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी, लिस्टेड गुंडों बदमाशों का औचक चेकिंग करना था। परिणामस्वरुप 27 स्थायी एवं 152 गिरफ्तार वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्री-सिटिंग बैठक आयोजित



**बुरहानपुर, ईएमएस।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 10 मई, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्री-सिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रथम जिला न्यायाधीश श्री सूर्य प्रकाश शर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री निलेश कुमार जिरेती, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्री प्रेमदीप सांकला सहित अधिवक्तागण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव ने मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरणों के संबंध में बीमा कंपनी के अधिवक्तागण से चर्चा कर चिन्हित प्रकरणों पर बात की साथ ही पक्षकार अधिवक्तागण से बात कर दस्तावेज प्रस्तुत करने संबंधी निर्देश दिये, साथ ही न्यायालयों में लंबित मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरणों की कंपनीवार सूची तैयार कर बीमा कंपनी के अधिवक्ता से चर्चा भी की गई, चर्चा उपरांत तैयार केसों की जानकारी ली गई एवं जिन प्रकरणों में राजीनामा होने की संभावना है उसमें प्रीसिटिंग आयोजित कर अधिक-से-अधिक मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा के आधार पर निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों ने शुक्रवार को सुबह 6 बजे ईंधन के नए दाम जारी कर दिए हैं। जारी रेट के अनुसार आज भी भी पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि कच्चे तेल की बात करें तो अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 65-78 डॉलर प्रति बैरल, जो कि पिछले दिनों के मुकाबले कम है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपए लीटर, डीजल 87.67 रुपए लीटर मुंबई में पेट्रोल 103.50 रुपए है।

## वीआईएल के नेटवर्क में सेवाएं बहाल

नई दिल्ली (ईएमएस)। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के उपयोगकर्ताओं को शुक्रवार तड़के नेटवर्क में व्यवधान का सामना करना पड़ा। कंपनी ने कहा कि यह व्यवधान 'तकनीकी समस्या के कारण हुआ था। वीआईएल के प्रवक्ता ने कहा कि शुक्रवार 18 अप्रैल तड़के तकनीकी समस्या के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हमारी नेटवर्क सेवाएं कुछ समय के लिए प्रभावित हुईं। समस्या का समाधान कर लिया गया है और सभी सेवाएं अब सामान्य हो गई हैं।

### फटाफट खबरें

## एसबीआई ने अपनी एफडी की ब्याज दरों में किया बदलाव

नई ?दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने रिजर्व बैंक की कम हुई रेपो रेट का फायदा उठाते हुए अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम्स की ब्याज दरों में हल्की कटौती की है। इस नए फैसले के बाद एसबीआई के परिसर में ब्याज दरों में बदलाव का माहौल महसूस हो रहा है। एसबीआई की एफडी स्कीम से जुड़े निवेशकों के लिए यह खुशखबरी है कि अब भी वे आकर्षक रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। एक ऐसी खास स्कीम में, जिसमें केवल 1 लाख का निवेश करने पर ग्राहक 24,604 रुपये तक का फिक्स ब्याज प्राप्त कर सकते हैं। एसबीआई द्वारा प्रस्तावित नए ब्याज दरों के अनुसार, सामान्य नागरिकों के लिए 3.50 फीसदी से 7.05 फीसदी तक का ब्याज प्रदान किया जा रहा है। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज दरें 4.00 फीसदी से 7.55 फीसदी तक तय की गई हैं। इसी म में, सबसे अधिक 2 से 3 साल की एफडी स्कीम में सामान्य ग्राहकों को 6.90 और वरिष्ठ नागरिकों को 7.40 फीसदी का ब्याज प्राप्त होगा।

## आरबीआई ने कहा- बैंक खातों में लेनदेन पर निगरानी रखी जाए

**मुंबई (ईएमएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि बैंक केंद्रीय बैंक को सूचना दिये बिना अपनी विदेशी शाखाओं या प्रतिनिधियों के नाम पर रुपया खाते (ब्याज रहित) खोल या बंद कर सकते हैं। हालांकि, आरबीआई ने डिपॉजिट और अकाउंट पर जारी मास्टर निर्देश में कहा कि पाकिस्तान के बाहर संचालित पाकिस्तानी बैंकों की शाखाओं के नाम पर रुपया खाते खोलने के लिए रिजर्व बैंक की विशेष मंजूरी की आवश्यकता होगी। खातों में लेन-देन पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विदेशी बैंक भारतीय रुपये पर सट्टा लगाने वाला नजरिया न अपनाएं. ऐसे किसी भी मामले की सूचना रिजर्व बैंक को दी जानी चाहिए।

# टैरिफ वॉर का असर इंदौर पर शिपिंग यार्ड में बढ़ रहे कंटेनर

**इंदौर (ईएमएस)।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए टैरिफ वॉर का असर इंदौर में भी दिख रहा है। टैरिफ बढ़ने से कई देशों का एक्सपोर्ट गिर गया है। इसकारण शिपिंग यार्ड में कंटेनरों की संख्या बढ़ती जा रही है। शिपिंग कंपनियां अपने कारोबार को जिंदा रखने के लिए 30 से 50 प्रतिशत तक कम दाम में दूसरे देशों को सामान एक्सपोर्ट कर रही हैं। इससे सीधे तौर पर एक्सपोर्ट कंपनियों को फायदा हो रहा है। हालांकि जानकार कह रहे हैं कि किराए में कमी अस्थायी है। अमेरिका के बंदरगाहों के लिए 40 फीट के कंटेनर का भाड़ा वर्तमान में 1750 से 1850 डॉलर (1.48 से 1.57 लाख रुपए) आ रहा है। जबकि तीन-चार महीने पहले तीन हजार डॉलर (ढाई लाख रुपए से कुछ ज्यादा) था। इंदौर-पीथमपुर क्षेत्र से सालाना 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निर्यात होता है। इंदौर के कंटेनर या गुजरात के मुंद्रा या मुंबई के बंदरगाह से जहाजों में लोड होते हैं। इसमें प्रमुख रूप से दवा, कृषि उत्पाद, पॉलिएस्टर फिल्म, पीपी जंबो बैग और मशीनरी भी शामिल है। साल-दर-साल निर्यात का आंकड़ा बढ़ता रहा है। बीते दिनों से कृषि उत्पाद जैसे सोयाबीन व डीओसी का निर्यात कम हुआ है। जानकारों के मुताबिक पैकिंग मटेरियल, पॉलिएस्टर और दवाओं की खेप भी अब कम रवाना हो रही है। टीही के कंटेनर डिपो में भी इन दिनों खाली कंटेनरों की भीड़ जमा है। हाल यह हैं कि आईसीडी को अपने यार्ड का विस्तार किया है। आईसीडी सूत्रों के मुताबिक डिपो में 4 हजार से ज्यादा खाली कंटेनर इस समय जमा हैं। बीते दिनों में डिपो की क्षमता भी बढ़ाई गई है। जिससे और कंटेनर रखे जा सकें। इधर शिपिंग कंपनी के एजेंट के मुताबिक इससे पहले आमतौर पर टीही के डिपो में कभी भी इतनी ज्यादा संख्या में कंटेनर उपलब्ध नहीं रहे। बीते वर्षों में कंटेनरों की कमी हो गई थी। लेकिन अब स्थानीय कंटेनर डिपो में मांग से कहीं ज्यादा कंटेनर जमा हो चुके हैं। बीते समय से सभी कंपनियों ने सभी रूटों पर भाड़ा बढ़ाया था। क्योंकि रूस यूक्रेन युद्ध, सोमालिया संकट जैसे कारणों से जहाजों को रूट भी बदलने पड़ रहे थे। पहला मौका आया है जबकि भाड़े में इतनी ज्यादा गिरावट आई है।

# बढ़ती मांग पर ब्रिजस्टोन इंडिया अपनी टायर रेंज का करने जा रही विस्तार

**नई दिल्ली (ईएमएस)।**



इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए ब्रिजस्टोन इंडिया अपनी टायर रेंज का विस्तार करने जा रही है। ब्रिजस्टोन कंपनी अपनी ईवी-रेडी ट्यूरांज़ा 6 आई और ड्यूलर ऑल टेरेन (ए/टी) 002 टायर रेंज को नए साइज में बाजार में पेश करेगी।

कंपनी के कार्यकारी निदेशक, राजर्षि मोइत्रा ने बताया कि इस विस्तार का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की गाड़ियों की जरूरतों को पूरा करना है। ट्यूरांज़ा 6 आई टायर एसयूवी, सीयूवी, सेडान और हैचबैक सेगमेंट की गाड़ियों के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह 14 से 20 इंच के आकार में उपलब्ध होगा। वहीं, ड्यूलर ए/टी 002 विशेष रूप से 4गुणा4 गाड़ियों के लिए विकसित किया गया है। भारत में टायर बाजार हर साल लगभग 4.4 करोड़ यूनिट का है, जिसमें 2 करोड़ यूनिट ओईएम सेगमेंट और 2.4 करोड़ यूनिट आफ्टरमार्केट सेगमेंट में आती हैं। ब्रिजस्टोन इंडिया का दावा है कि आफ्टरमार्केट सेगमेंट में उसकी 20प्रतिशत हिस्सेदारी है, और कंपनी मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, हुंडई, टोयोटा और होंडा जैसी प्रमुख कार निर्माताओं के साथ साझेदारी में काम करती है। मोइत्रा ने कहा कि ट्यूरांज़ा 6द्ब एक ईवी-रेडी टायर है और यह आफ्टरमार्केट में पहले से उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, कंपनी अपने ओईएम पार्टनर्स के साथ मिलकर ईवी प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रही है।

ब्रिजस्टोन इंडिया के इंदौर और पुणे में दो उत्पादन प्लांट हैं, जहां कुल मिलाकर रोज़ाना 30,000 टायर बनाए जाते हैं। 2024 में 85 मिलियन डॉलर निवेश की घोषणा के साथ कंपनी पुणे प्लांट की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने की योजना बना रही है।मोइत्रा ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में आफ्टरमार्केट सेगमेंट में हर साल 6 से 8 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है, और कंपनी का लक्ष्य अपनी हिस्सेदारी को मजबूत करना है। भारत में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 2023 में 95,859 यूनिट से बढ़कर 2024 में 1,13,441 यूनिट हो गई है, जिससे ईवी टायरों की मांग में भी वृद्धि हुई है।

# एफएमसीजी कर सकती है बड़ी कंपनी का अधिग्रहण

### सोमवार को शेयरों पर दिख सकता है असर

**नई दिल्ली (ईएमएस)।**



देश की दिग्गज एफएमसीजी कंपनी आईटीसी ने एक बड़े अधिग्रहण की जानकारी दी। एक्सचेंज को दी फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि वह 24 मंत्रा ऑर्गेनिक ब्रांड के तहत जैविक पैकेज्ड खाद्य उत्पादों के निर्माण और बिक्री में लगी श्रेष्ठा नेचुरल बायोप्रोडक्ट्स का लगभग 472.50 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी। आईटीसी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उसने श्रेष्ठा नेचुरल बायोप्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एसएनबीपीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अधिग्रहण से कंपनी के कारोबार को और मजबूती मिलेगी, ऐसे में सोमवार को आईटीसी के शेयरों पर इसका असर देखने को मिल सकता है। कंपनी ने कहा कि यह अधिग्रहण 'कंपनी के भविष्य के लिए तैयार पोर्टफोलियो को बढ़ाने की रणनीति के अनुरूप है, यह लेनदेन भारतीय और विदेशी दोनों बाजारों में उच्च विकास वाले जैविक उत्पाद खंड में आईटीसी की उपस्थिति और बाजार की स्थिति को मजबूत करेगा। एसएनबीपीएल के पोर्टफोलियो में 100 से अधिक जैविक उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला शामिल है। आईटीसी ने कहा ?कि शेयर अधिग्रहण वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में या पार्टियों द्वारा आपसी सहमति से तय की गई किसी बाद की तारीख में पूरा होने की उम्मीद है।

# यूएस टैरिफ से कमजोर होगी वैश्विक अर्थव्यवस्था

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** आईएमएफ ने जारी किया अपना अनुमान, जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि से वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर होगी। इसके अलावा, आईएमएफ ने भविष्यवाणी की है कि इस वर्ष मुद्रास्फीति बढ़ेगी। प्रमुख निदेशक ने ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए शुल्कों से वैश्विक अनिश्चितता में वृद्धि की चेतावनी देते हुए कहा था कि दुनिया भर में मंदी का कारण नहीं बनेगी। आईएमएफ ने व्यापार विकृतियों का भी जिक्र किया और व्यापार बाधाओं को कम करने की अपील की। वे मानते हैं कि अनिश्चितता महंगाई के कारण बन सकती है और इससे व्यापार बाधाएं विकास को तुरंत प्रभावित कर सकती हैं। आईएमएफ के अनुसार वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल देखने की संभावना है जिससे अर्थव्यवस्था पर अवरोध आ सकता है। समाचार राज्यों और गिरींदारे के व्यावसायिक और वित्तीय संकेतों पर है।

# कमजोर होते जा रहे टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो के शेयर

### निफ्टी आईटी का 17 साल में सबसे कमजोर प्रदर्शन

**नई दिल्ली (ईएमएस)।**




देश की दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों जैसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस, विप्रो और एचसीएलटेक के शेयर बाजार में लगातार कमजोर होते जा रहे हैं। यह गिरावट उस समय हो रही है जब बाकी बाजार में तेजी लौटी है। अप्रैल महीने में अब तक निफ्टी आईटी इंडेक्स में 9.5 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि इसी दौरान निफ्टी 50 में 1.4 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। गुरुवार को भी जब निफ्टी 50 में 1.8 फीसदी की उछाल आई, तब निफ्टी आईटी महज 0.23 फीसदी ही बढ़ पाया। इस गिरावट के चलते निफ्टी 50 में आईटी सेक्टर का वेटेज अब सिर्फ 10.2 फीसदी रह गया है, जो पिछले 17 सालों में सबसे कम है। यह मार्च 2008 के रिकॉर्ड न्यूनतम 9.7 फीसदी के बेहद करीब है, जब वैश्विक वित्तीय संकट से पहले बाजार में उथल-पुथल थी। मार्च 2022 में यह वेटेज 17.7 फीसदी था यानी दो साल में इसमें करीब 42 फीसदी की गिरावट आई है। ताजा गिरावट के साथ निफ्टी आईटी इंडेक्स अब उन सभी लाभों को गंवाने के करीब है, जो उसे कोविड-19 महामारी के दौरान और बीते 21 वर्षों (2004 से अब तक) में निफ्टी 50 की तुलना में मिले थे। फिलहाल निफ्टी 50 में शामिल पांच आईटी कंपनियों का कुल मार्केट कैप 25.5 लाख करोड़ रुपए रह गया है, जबकि पूरे निफ्टी 50 का कुल मार्केट कैप 189.4 लाख करोड़ रुपए है।

# इस्पात व एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाने का निर्णय सुरक्षा के आधार पर लिया: अमेरिका

**नई दिल्ली (ईएमएस)।**

अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन से कहा है कि इस्पात और एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाने का निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लिया गया है। इस निर्णय को भारत ने बचाव के लिए उठाया गया कदम नहीं माना, जिससे अमेरिका के साथ भारत के बीच नए विवाद का संकेत मिल रहा है। अमेरिका ने 11 अप्रैल को भारत के साथ डब्ल्यूटीओ के बचाव समझौते के तहत परामर्श का अनुरोध किया था, लेकिन इसका जवाब नकारात्मक रहा। इस नए विवाद के बीच भारत और अमेरिका के बीच संवाद की मांग की जा रही है। अमेरिका ने इस्पात और एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाने का निर्णय धारा 232 के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लिया है, जिससे उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा को दरकिनार किया जा सके। यह निर्णय शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते के तहत सुरक्षा अपवाद के तहत रखा जा रहा है।

# इंदौर बाजार भाव

**इन्दौर (ईएमएस)। लेवाली के अभाव में शुक्रवार को अनाज मंडी में चना घटाकर बोला गया। मसूर में सुस्ती आयी। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा देखा गया। तिलहनों में कारोबारी सुस्ती रही। किराना जिंसों में हल्दी मजबूत नज़र आयी। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में लेवाली ठंडी रहने से बाजार 100 रू. प्रतिक्विंटल घटाकर बोले गये। मसूर में सुस्ती आयी। खाद्य तेलों में व्यापार बेहद सुस्त रहा। तिलहनों में सोयाबीन व सरसो में हल्की लेवाली के बीच बाजार बने रहे। उधर, किराना जिंसों में हल्दी में लेवाली से भावों में मजबूती बनी। भाव इस प्रकार रहे :-**

### किराना

शक्कर 4160-4210, खोपरा गोला 190-235, खोपरा बूरा 3800-5800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 175-215, सांगली 260-280, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 100-140, बेस्ट 280-300, एस्ट्रा बेस्ट 310-350, सौंफ बारि?क 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 740-750, गरबल 715-720, मटरदाना 770-795, खसखस अनक्लीन 825-875, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 750-780, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1775, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3300, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1600-1750, बेस्ट 1850-1950, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 950-1000, काजू (320) 825-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-820, जे.एच. 850-870, टुकड़ी 800-840, बादाम मगज 910-915, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारोली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2600-2650, (160) 3040-3100, (200) 3400-3450, (250) 3400-3450

### खली

रात की धारणा :- गुजरात लुज 1315, मुम्बई पाम 1320, मुम्बई सोया 1295, खली:- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2225, देवास-उज्जैन 2225, खंडवा-बुरहानपुर 2200, अकोला 3050 (प्रति[ ?िंटल)

### तेल

सींगदाना 1340-1360, मुम्बई 1370, राजकोट तेलिया 2150-2160, सोया साल्वेंट 1205-1210, सोया रिफाइंड 1295-1300, कपास्या 1260, धूलिया 1265, कड़ी 1265,

### दलहन

चना कांटेवाला बेस्ट 6100-6150, एवरेज 5200-5400, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6150-6200, एवरेज 6000-6050, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6500-6700, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

### अनाज

गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

## राशिफल

**शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि षष्ठी, शनिवासरे, मूल नक्षत्रे, शिशिर योगे, वलकरणे, धनु की चंद्रमा, भद्रा 20/2 मूल समाप्त प्रातः 6/23 रवि योग 1/40 सांय वृषभानु 53/58 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।**

**मेष:** कुटुम्ब की चिन्तायें मन व्यग्र रखें, किसी के कष्ट के कारण हानि अवश्य ही होगी।

**तुला:** साधन-सम्पन्नता के योग बनें तथा कुटुम्ब में क्लेश, हानि अवश्य होगी।

**वृष:** भाग्य का सितारा साथ देगा, बिग? हुये कार्य अवश्य ही बनेंगे, ध्यान दें।

**वृश्चिक:** असमंजस बना रहे, प्रभुत्व वृद्धि तथा कार्यगति अनुकूल अवश्य होगी।

**मिथुन:** इष्ट-मित्रों से तनाव, क्लेश व अशांति, कार्य-व्यवसाय में बाधा होगी।

**धनु:** असमर्थता का वातावरण क्लेश युक्त रखे, अवरोध, विवाद से बचकर चलें।

**कर्क:** दैनिक कार्यगति अनुकूल, परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तथा फल कम मिलेगा।

**मकर:** धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा तथा बिगड़े कार्य बन जायेंगे।

**सिंह:** योजनायें पूर्ण हों, सुख के साधन बनें, तनाव, क्लेश, अशांति से बचें।

**कुंभ:** इष्ट-मित्र सुख वर्धक होंगे, बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप अवश्य होगा।

**कन्या:** बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप एवं समस्यायें सुधरें, सुख के कार्य अवश्य होंगे।

**मीन:** मनोवृत्ति संवेदनशील हो, धन और शक्ति नष्ट हो, मानसिक व्यग्रता बनेगी।

## सूडोकू नवताल- 7126

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -7125 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**19 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.20 बजे से |
| चंद्र | धनु में | वृष | 07.04 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.02 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.16 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 13.32 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.44 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 17.54 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.09 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.25 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | मकर | 00.30 बजे से |
| | | कुंभ | 02.17 बजे से |
| | | मीन | 03.50 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 109 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 18.23 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 10.21 बजे को समाप्त।
**योग** शिव 00.52 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** गर 05.49 बजे तदनन्तर वणिज 18.23 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 11° 11'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872319
**जूलियन दिन** 2460784.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 20

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8341



**बाएँ से दाएँ**

1. रमण योग्य-4
4. साल, वर्ष-3
6. बांया-2
7. राय, वोट-2
9. तकरार, कहासुनी-4
11. अंधकार, अंधेरा-3
12. सरल, आसान-3
13. चील, ईगल-2
14. देवदास की प्रेमिका-2
15. सूली, क्रूस-3
17. कारण-3
19. मन को हरने वाला-4
21. कार्य, काज-2
23. बाण, तीर-2
24. दबाना, कुचलना-3
25. हाथी चलाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. परंपरा, रीति-रिवाज-4
2. संस्कृत में 'मेरा'-2
3. भरोसा, विश्वास-3
4. दीदी, भगिनी-3
5. समान, एक जैसा-2
8. अंधेरा, अंधकार-3
9. बोरिया बिस्तर-4
10. रिहा-2
12. तालाब, जलाशय-4
15. तमीज, शिष्टता-3
16. मछली, एक राशि-2
18. ज्वरताप-4
19. चिंतन, विचार-3
20. रनिवास (उर्दू-3)
22. नशा, अभिमान-2
23. पार्थिव देह, लाश-2

### शब्द पहेली -8340 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

### धवन का सबसे अधिक चौके मारने का रिकार्ड तोड़ सकते हैं विराट

मुम्बई (ईएमएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इस बार सबसे अधिक चौके मारने का रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। अब तक ये रिकार्ड पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के नाम है। धवन ने अब तक आईपीएल की 221 पारियों में 768 चौके लगाए हैं।

### गुजराज टाइटंस ने फिलिप्स की जगह शनाका को शामिल किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। गुजरात टाइटंस ने श्रीलंका के अनुभवी ऑलाउंडर दासुन शनाका को न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स की जगह पर अपनी टीम में शामिल किया है। फिलिप्स चोटिल होने के कारण सत्र के बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। वहीं शनाका दो साल पहले भी गुजरात टाइटंस में शामिल थे।

# आईपीएल में आज होगा टाइटंस और कैपिटल्स के बीच मुकाबला

## दोपहर 3:30 पर शुरु होगा मैच

अहमदाबाद (ईएमएस)।




इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच कड़ी टक्कर होना तय है। इसका कारण है कि दिल्ली की टीम अब तक एक ही मैच हारी है और उसे छह मैचों के बाद 10 अंक हैं और वह शीर्ष पर है जबकि गुजरात की टीम चार जीत के साथ ही 8 अंक लेकर दूसरे नंबर पर है। दोनो ही टीमों ने अब तक जबरदस्त बल्लेबाजी की है। दिल्ली की टीम की कमान अक्षर पटेल के पास जबकि गुजरात की शुभमन गिल के पास है। गुजरात की टीम को इस मैच में घरेलू मैदान का लाभ मिल सकता है। यहां की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल रहती है, इसलिए इस मैदान पर बड़े स्कोर बनने तय हैं। इस पिच पर अच्छी उछाल मिलने के कारण बल्लेबाज के लिए शॉट खेलना काफी आसान रहता है। हालांकि, जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है पिच धीमी होने लगती है, जिससे गेंदबाजों के पास भी अच्छा अवसर रहता है। ऐसे में कुल मिलाकर देखा जाये तो पिच में बल्लेबाजों के अलावा गेंदबाजों के लिए भी अवसर हैं। इस मैदान पर तेज गेंदबाज स्पिनरों से अधिक प्रभावी होते हैं।

दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराया था जिससे वह इस मैच में बड़े हुए मनोबल से उतरेगी। वहीं, गुजरात को पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसके ऊपर दबाव रहेगा जिससे वह उबरना चाहेगी। ऐसे में इस मैच में दिल्ली का पलड़ा भारी नजर आता है। दिल्ली की बल्लेबाजी करुण नायर, केएल राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, कप्तान अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों पर आधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और मोहित शर्मा के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव, अक्षर पर आधारित रहेगी। वहीं दूसरी ओर गुजरात की बल्लेबाज कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन पर आधारित रहेगी। सुदर्शन ने इस आईपीएल सत्र में 300 से अधिक रन बनाये हैं।

### दोनो ही टीमों की अंतिम ग्यारह इस प्रकार है

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, अरशद खान, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इम्पैक्ट प्लेयर- शेरफेन रदरफोर्ड।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपरज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, इम्पैक्ट प्लेयर- मुकेश कुमार।

### रोहित अब आईपीएल से संन्यास पर विचार करें : सहवाग

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा अब शायद ही आगे आईपीएल खेलें। सहवाग ने कहा है कि जिस प्रकार का उनका प्रदर्शन रहा है ऐसे में अब लगता है उनका संन्यास का समय आ गया है। रोहित के लिए आईपीएल का ये सत्र अब तक अच्छा नहीं रहा है और वह एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। रोहित ने इस सत्र में 6 पारियों में 13.66 की निराशाजनक औसत से केवल 82 रन बनाए हैं जिसमें 0, 8, 13, 17, 18 और 28 रन शामिल हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रोहित इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर भी केवल 26 रन ही बनाए। सहवाग ने कहा, अगर आप रोहित के पिछले 10 सालों के आईपीएल रनों को देखें, तो उन्होंने केवल एक बार 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। इसलिए वह ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो मानते हैं कि उन्हें 500 या 700 रन बनाने की जरूरत है। अगर वह सोचते हैं, तो शायद वह ऐसा कर सकते हैं। जब वह भारतीय कप्तान बने, तो उन्होंने कहा कि वह ऐसा खिलाड़ी बनना चाहते हैं जो पावरप्ले का पूरी लाभ उठाना चाहता है पर वह इस तथ्य पर विचार नहीं कर रहे हैं कि दिन के अंत में जब वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह आपकी कमी मानी जाती है।

# आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला

जयपुर (ईएमएस)।




इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में रॉयल्स का लक्ष्य जीत हासिल करना रहेगा क्योंकि पिछले तीन मैचों से मिल रही हार से वह अंक तातिका में काफी नीचे खिसक गयी है। रॉयल्य के लिए हालांकि जीत दर्ज करना इतना आसान नहीं होगा। इसका कारण उसकी टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है उसके कप्तान संजू सैमसन पिछले मैच में चोटिल भी हो गये थे, ऐसे में उनके खेलने पर भी संशय रहेगा। टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों को इस मैच में जीत दर्ज करने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उसके गेंदबाजों को सुपर जाइंट्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज निकोलस पूरन पर अंकुश ओर कप्तान ऋषभ पंत पर अंकुश लगाना होगा। अभी तक रॉयल्स की टीम को सात मैचों में केवल दो मैचों में ही जीत के मिली है और वह आठवें स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर अंकतालिका में पांचवे स्थान पर चल रही सुपर जाइंट्स का लक्ष्य इस मैच को जीतकर एक बार फिर अंक तालिका में शीर्ष चार में पहुंचना रहेगा। रॉयल्स की कमजोरी बल्लेबाजी का कमजोर होना है जिसका लाभ सुपर जाइंट्स उठाना चाहेगी। अभी तक राजस्थान का बल्लेबाजी क्रम दबाव में बिखरता दिखा है। उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये हैं पर देखना होगा कि क्या वे इस लय को बनाये रख पाते हैं। पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 66 रन बनाने के बाद से ही सैमसन के बल्ले से रन नहीं आये हैं। टीम के अच्छे स्कोर के लिए सैमसन और यशस्वी का रन बनाना बेहद जरुरी है। रॉयल्स के बल्लेबाजों को सुपर जाइंट्स के गेंदबाजों शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, दिग्वेश राठी और स्पिनर रवि बिश्नोई के सामने सावधानी से खेलना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**टीमें : लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हैंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, शमर जोसेफ। प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभम दुबे, नितीश राणा, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षाना, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, फजल हक फारूकी, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, [`न मफाका, वानिंदु हसरंगा, युद्धवीर सिंह चरक, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी।

## डब्लयूटीसी 2025-27 चक्र में बड़ी जीत पर बोनस अंक देगी आईसीसी

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) 2025-27 के चक्र में बोनस अंक देने पर विचार कर रही है। डब्लयूटीसी का ये सत्र जून में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से शुरू होगा। वर्तमान नियमों के अनुसार अभी छोटे अंतर या एक पारी के अंतर से जीतने वाली टीम को 12 अंक, मैच टाई होने पर छह अंक और ड्रॉ रहने पर चार अंक मिलते हैं पर अब आईसीसी बड़े अंतर से मिलने वाली जीत या पारी के अंतर की जीत पर बोनस अंक दे सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डब्लयूटीसी सत्र शुरू होने से ही पारी की जीत पर बोनस अंक देने जैसे मामलों पर बात हो रही है क्योंकि कई टीमों का मानना है कि बड़ी टीमों को हराने पर उन्हें उतना लाभ नहीं मिल रहा है जितना मिलना चाहिये। वहीं एक पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'अगर ऐसा होता है तो ये अच्छी शुरुआत होगी। इससे दोनो ही टीमों को बेहतर परिणाम देने की प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही आईसीसी विरोधी टीम के मैदान पर जीत दर्ज करने पर भी अतिरिक्त अंक दे सकती है। इसका कारण है कि किसी भी टीम को उसके ही घरेलू मैदाना पर हराना आसान नहीं होता।

### मुंबई इंडियंस को आईपीएल में खेलने अभी जीतने होंगे पांच मैच

नई दिल्ली (ईएमएस)। मुंबई इंडियंस की टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर आईपीएल के इस सत्र में अपनी तीसरी जीत हासिल की है। पिछले दो मैच से मिली जीत के साथ अब मुम्बई की टीम प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं तलाश रही है। अंक तालिका पर नजर डालें तो मुम्बई की टीम अब तक 6 अंक लेकर सातवें स्थान पर है। उसने अब तक कुल 7 मैच खेले हैं जिसमें से उसे 3 में जीत मिली है जबकि 4 में उसे हार झेलनी पड़ी है। उसके पास 6 अंक हैं। मुंबई इंडियंस के अभी 7 मैच और बचे हैं। ऐसे में अगर वह सभी मैच जीतती है तो उसके कुल 20 अंक हो जाएंगे और वह प्लेऑफ में पहुंच जाएंगी।

## आईपीएल में इस बार मुम्बई इंडियंस और सीएसके सहित इन चार टीमों का बाहर होना तय



मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अलावा राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद का भी बाहर होना तय नजर आ रहा है। ये सभी टीमें अंत तालिका में निचले क्रम पर हैं। मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स चारों टीमों के पास चार अंक है। इन टीमों की स्थिति काफी कमजोर बनी हुई है। अब अगर ये एक दो मैच हारती हैं तो बाहर हो जाएंगी। प्लेऑफ के लिए कम से कम 16 अंक होने चाहिये और अभी के प्रदर्शन को देखते हुए इन टीमों का वहां पहुंचना असंभव सा है।

अभी तक दिल्ली कैपिटल्स के अलावा सभी टीमों ने छह या इससे अधिक खेले हैं। आईपीएल में अभी गुजरात टाइटन्स, दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, पंजाब किंग्स शीर्ष चार में हैं और इनके प्लेऑफ में जाने की संभावनएं सबसे ज्यादा हैं। इन सभी सभी टीमों के आठ अंक है। आईपीएल 2025 के इस सत्र में कुल 74 मैच होने है।

## बल्लेबाजों के निडर होकर खेलने से बड़े स्कोर बन रहे : पार्थिव




मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रहे पार्थिव पटेल ने कहा है कि बल्लेबालों के बैखौफ होकर खेलने से आईपीएल में स्कोपावरप्ले के दौरान काफी रन बन रहे हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज कहा कि पहले के समय में पावरप्ले में स्कोर 45 रन से अधिक नहीं होता था। इस सत्र में पार्थिव गुजरात टाइटंस के सहायक कोच की भूमिका भी निभा रहे हैं।

पटेल ने कहा ,'' इसमें कोई संदेह नहीं कि आजकल बड़े स्तर पर रणनीति बनाई जाती है। कुछ साल पहले जब मैं खेल रहा था तब पावरप्ले का स्कोर 45 के आसपास अच्छा माना जाता था।'' उन्होंने कहा ,'' उसके बाद 50 और फिर 55 से 60 तक हो गया। इसके बावजूद हालात को भी देखना पड़ता है। अगर आप चेन्नई में खेल रहे हैं तो 150 अच्छा स्कोर है और वहां टीम से पावरप्ले में 70 या 80 रन की उम्मीद नहीं की जाती।''

उन्होंने कहा ,'' परअगर सभी मैचों को देखें तो 70 रन बन रहे है। आप किन्हीं भी हालात में खेल पर बेंचमार्क 45 से ऊपर जाना तय हो गयहै।'' पटेल ने कहा ,'' अब बल्लेबाज जोखिम लेने में डरते नहीं हैं। वे बेखौफ होकर खेलते हैं। उनकी सहायता के लिये विशेषज्ञ भी उपस्थित हैं। हर कोई बल्लेबाज बड़े शॉट लगाने के इरादे से ही मैच में उतरता है।

# विकेटकीपर की गलती से रिकेल्टन को मिला दूसरा अवसर



मुंबई (ईएमएस)। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन की एक गलती से खासा हंगामा हुआ ओर मुम्बई इंडियंस के बल्लेबाज रयान रिकेल्टन को वापस बल्लेबाजी के लिए बुलाया गया। ये मामला इस मैच के 7वें ओवर का है। इस ओवर को सनराइजर्स हैदराबाद के स्पिनर जीशान अंसारी कर रहे थे। उनके ओवर की पांचवीं गेंद पर मुंबई के बल्लेबाज रयान रिकेल्टन पैट कमिंस के हाथों कैच आउट होने के बाद पेवेलियन लौटने लगे पर बाउंड्री लाइन के पास ही उन्हें चौथे अंपायर ने रोक लिया। इससे रयान हैरान हो गये। रिकेल्टन को इसलिए रोका गया क्योंकि अंसारी की वो गेंद नो-बॉल करार दी गयी। इसका कारण विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन की एक गलती थी। तीसरे अंपायर ने रिप्ले में देखा कि जब गेंद बल्ले से लगी, तो क्लासेन के ग्लव्स स्टम्प के आगे तक आ गए थे। ऐसे में नियम 27.3.1 के अनुसार, यदि विकेटकीपर गेंद को स्टम्प के सामने या स्टंप की सीध में पकड़ा सकता है, तो अंपायर नो-बॉल का संकेत दे सकता है। हालांकि यहां क्लासेन को गेंद पकड़ने की जरूरत नहीं थी क्योंकि गेंद उनके पास नहीं आई थी पर उनके ग्लव्स अभी भी स्टम्प के आगे थे। ऐसे में नियमानुसार इस गेंद को नो-बॉल दिया गया। विकेटकीपर की गलती के कारण रिकेल्टन को एक और अवसर मिला। रिकेल्टन को इसके बाद एक अतिरिक्त गेंद भी खेलने को मिली। वह जिस गेंद पर कैच हुए तब वह 21 रनों पर खेल रहे थे। बाद में रिकेल्टन ने 10 रन और बनाये। इसके बाद रिकेल्टन हर्षल पटेल की गेंद पर ट्रेविस हेड के हाथों कैच हुए।

## आईपीएल : हेड सबसे अधिक स्ट्राइक रेट से 1000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

मुम्बई (ईएमएस)।

सनराइजर्स हैदराबाद को मुंबई इंडियंस के खिलाफ यहां हुए मैच में हार का सामना करना पड़ा है पर इस मैच में सनराइजर्स की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने एक नया रिकार्ड बनाया है। हेड ने इस मैच में केवल 29 रन बनाये पर इसके साथ ही हेड आईपीएल में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने 170 से अधिक के स्ट्राइक रेट और 30 से अधिक के औसत से कुल 1000 रन बनाये हैं। इससे पहले जिन भी खिलाड़ियों ने 1000 रन बनाये हैं उनका स्ट्राइक रेट कम रहा है। हेड ने आईपीएल में 172 के स्ट्राइक रेट से 1000 रन बनाए है। हेड ने कुल 32 मैचों में 36.21 के औसत से 1014 रन बनाए हैं।

इससे पहले 102 से अधिक खिलाड़ियों ने आईपीएल में 1000 रन बनाये हैं। इसमें वेस्टइंडीज के रसल ने 170 के अधिक के स्ट्राइक रेट से 1000 रन बनाये पर उनका औसत भी 27 रहा है। इसके अलावा वेस्टइंडीज के ही निकोलस पूरन और दक्षिण अफ्रीका के हेनिरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ियों ने भी 1000 रन बनाये हैं पर उनका औसत भी हेड से कम ही रहा है हालांकि हेड का फॉर्म इस साल आईपीएल में अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 6 मैच में अब तक कुल 248 रन बनाए हैं।

## पंजाब किंग्स में आने से आया मेरे में बदलाव : अर्शदीप



नई दिल्ली (ईएमएस)। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आईपीएल के इस सत्र में पंजाब की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है। अर्शदीप ने कहा है कि इस टीम में आने के बाद से ही उनमें काफी बदलाव आया है जिसके कारण ही वह पहले से बेतर खिलाड़ी बन सके हैं। अर्शदीप ने कहा कि फ्रेंचाइजी में एक साल होने के बाद से ही उन्हें अहम भूमिका भी मिलने लगीं जिससे वह अधिक जिम्मेदारी से अपना काम कर पाते हैं। वह साल 2019 से ही पंजाब किंग्स से खेल रहे हैं। उन्होंने 71 मैचों में अब तक 26.82 की औसत और 9 की इकॉनमी रेट से 84 विकेट लिए हैं।

अर्शदीप ने कहा, जब से मैं पंजाब किंग्स में आया हूं, पहले साल को छोड़कर, मुझे अपनी भूमिका में वरिष्ठता महसूस होने लगी है। मैं पिछले सात सालों से इस टीम से जुड़ा हुआ हूं और टीम के साथ अपना पहला साल बिताने के बाद मुझे लगने लगा कि मुझे टीम में बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इससे मुझे एक खिलाड़ी और बेहतर इंसान के रूप में विकसित होने में भी सहायता मिली।

अर्शदीप का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन आईपीएल सीजन 2021 में आया जब उन्होंने 12 मैचों में 18 विकेट लिए। वहीं उन्होंने 2022 में 10 विकेट लिए थे। अर्शदीप ने कहा कि इस लीग में खेलने से उन्हें पता चला कि अधिक दबाव वाले मैचों में किस प्रकार से खेला जाता है। इसके साथ ही उनका रुख भी खेल को लेकर गंभीर को गया क्योंकि कठिन हालातों में अगर रुख गंभीर नहीं होगा तो उसका नुकसान टीम को हो सकता है।

## विश्वकप में खेलने पर फैसला मेसी को ही लेने दे : स्कोलोनी



मुम्बई (ईएमएस)। कनाडा, यूनाइटेड स्टेट और मैक्सिको में होने वाले 2026 फीफा विश्वकप में अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी के खेलने को लेकर संशय बना हुआ है। मेसी की कप्तानी में ही पिछले विश्वप में अर्जेंटीना ने खिताब जीता था पर अब वह 27 साल के हो गये हैं। ऐसे में वह अगले साल विश्वकप में खेल पायेंगे ये पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। 2022 विश्वकप में अर्जेंटीना की जीत में मेसी की अहम भूमिका थी। उन्होंने तब 7 गोल किए थे। इस खिलाड़ी ने अब तक पांच फीफा विश्वकप खेले हैं। अगले साल तक वह 28 के हो जाएंगे। ऐसे में उनकी फिटनेस कैसी रहती है ये भी देखना होगा। अर्जेंटीना ने विश्वकप के लिए पहले ही प्रवेश हासिल कर लिया है। वहीं कोच लियोनल स्कोलोनी ने कहा कि हम देखेंगे कि आगे क्या होता है, अभी बहुत समय है। अभी हमें उसे अकेला छोड़ देना चाहिए समय आने पर वह खेलने ये नहीं खेलने पर अपनी ओर से फैसला करेगा। अर्जेंटीना की टीम आजकल अच्छी लय में है। उसने मैसी के बिना ही क्वालीफाइंग में सबसे अधिक बार चैम्पियन रही ब्राजीत को भी 1-4 से हराया था।

# 17 साल के सफर में विश्व की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग बनी आईपीएल

मुम्बई (ईएमएस)।



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17 साल पूरे हो गये हैं। आज ही के दिन 18 अप्रैल 2008 को आईपीएल की शुरुआत हुई थी तब किसी को भी अंदाजा नहीं था कि ये एक दिन दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग बन जाएगी और इसी की तर्ज पर कई नई लीग भी उभरेंगी।

आईपीएल का शुरुआती मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच खेला गया था। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित उस पहले ही मैच में केकेआर की ओर से खेल रहे न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैक्कुलम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था।

मैक्कुलम केकेआर की ओर से पारी की शुरुआत के लिए उतरे और उन्होंने जमकर रन बनाये। मैक्कुलम ने केवल 73 गेंदों पर ही नाबाद 158 रन बना दिये। इस दौरान उन्होंने 13 छक्के और 10 चौके लगाये। उसी पारी से सौरव गांगुली की कप्तानी वाली केकेआर ने तीन विकेट पर 222 रन बनाये थे।

इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की पूरी टीम 15.1 ओवरों में ही 82 रनों पर सिमट गई और उसे 140 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा. उस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तानी राहुल द्रविड़ के पास थी। मैक्कुलम को उस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिल था। आईपीएल के पहले सत्र की विजेता राजस्थान रॉयल्स रही थी। तब रॉयल्स की कप्तान ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वॉर्न कर रहे थे। आईपीए के अब तक के सत्रों में कई विवाद भी उभरे हैं। आईपीएल 2010 फाइनल के बाद इसके कमिश्नर रहे ललित मोदी को बीसीसीआई से भ्रष्टाचार के आरोपों में बाहर कर दिया था। वहीं साल 2013 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों पर स्पॉट फिक्सिंग का आरोप लगे थे।

### खेतों में नरवाई जलाने पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

**खरगोन, ईएमएस।** पर्यावरण सुरक्षा, आमजन एवं जीव-जंतुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री भव्या मित्तल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत संपूर्ण खरगोन जिले में फसलों के अवशेष नरवाई खेतों में जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। खरगोन जिले में किसी भी व्यक्ति द्वारा खेतों में फसलों विशेषतः गेहूं, मक्का, चना आदि की कटाई के उपरांत उनके अवशेषों नरवाई को खेतों में जलाया जाएगा तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



### सातवें पोषण पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का हो रहा है आयोजन

**नर्मदापुरम, ईएमएस।** संचालनालय महिला एवं बाल विभाग से प्राप्त निर्देश अनुसार कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ललित डेहरिया के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण अभियान अंतर्गत सातवे पोषण पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सातवां पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम दिनांक 8 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक निम्नानुसार थीम पर केंद्रित गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।



## वन संरक्षण और जलवायु समर्थ आजीविका पर राष्ट्रीय कार्यशाला में सीएम बोले

# टाइगर रिजर्व-सैंक्चुरी बना दीं, आबादियों को हटाया, यही संकट की जड़



**भोपाल**

मप्र के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापना, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला हो रही है। वन विभाग की इस कार्यशाला का मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव बोले, हमने टाइगर रिजर्व बना दिए, सैंक्चुरी बना दी, अपने-अपने एरिया तय कर दिए। लेकिन जैसे ही ये एरिया तय हुए, सबसे पहले कहा गया, आबादियों को बाहर करो। यही इस पूरे संकट की जड़ है। सरकार के नाते अगर फॉरेस्ट की बात करें, तो उसकी अपनी एक सीमा और भूमिका है। लेकिन जब हम उसे आजीविका से जोडने की बात करते हैं, तो मामला थोड़ा उलझ जाता है। नरोन्हा प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यशाला में विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन हो रहा है। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह, महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल भी मौजूद रहें। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी गई। सीएम बोले की मैं खुद देखता हूं कि हमारे जनजातीय समुदाय जिन क्षेत्रों में जंगल हैं, वहां जंगल के साथ जीने की सालों पुरानी परंपरा रही है। जब हम शासन के माध्यम से इन क्षेत्रों का प्रबंधन करते हैं, तो यह विचार करना जरूरी हो जाता है कि हम उनके लिए मददगार साबित हो रहे हैं या उनके कष्ट बढ़ा रहे हैं। आज यह साफ दिखता है कि कई बार हम उनके कष्ट ही बढ़ा रहे हैं। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि यह कार्यशाला मुख्यत- तीन विषयों पर केंद्रित है। पहला विषय नीतिगत मुद्दों से संबंधित है, जिसमें फॉरेस्ट राइट्स एक्ट, वन नीति और जैव विविधता अधिनियम में प्रस्तावित बदलावों पर चर्चा की जा रही है। दूसरा विषय संस्थागत निर्माण और उनके विकास कार्यक्रमों से जुड़ा है। इसमें त्रिफेड सहित अन्य संबंधित योजनाओं को जोड़ा गया है।

### टेक्नोलॉजी और संरक्षण साथ चलें

भूपेंद्र यादव ने कहा कि डिजास्टर किसी को देखकर नहीं आता, इसलिए भारत ने कोलिशन फॉर डिजास्टर रेसिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर की पहल की है। उन्होंने बताया कि चाहे कोई ट्राइबल हो या नॉन-ट्राइबल, आज सभी को मोबाइल, गाड़ी और डिजिटल एक्सेस चाहिए - यानी टेक्नोलॉजी सबके जीवन का हिस्सा बन चुकी है। इसीलिए सरकार इंडस्ट्रियल ट्रांजिशन को लेकर काम कर रही है, और ज्यादा कार्बन एमिट करने वाली इंडस्ट्रीज के लिए लीडरशिप फॉर इंडस्ट्रियल ट्रांसफॉर्मेशन अभियान चला रही है।

### वनांचल में पलायन की स्थिति बनी

कार्य म में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा आज का विषय बहुत संवेदनशील और अंतर चेतना से जुड़ा हुआ विषय है। जन्म से लेकर मृत्यु तक सालों का हमारे जीवन से वनवासी समाज से जुड़ाव और संबंध है। वनवासी समाज की जो दिक्क त है परेशानियां हैं, और हमारी जो आरण्यक संस्कृति है उसके प्रति हमको बहुत गहराई से चिंतन मंथन करने की आवश्यकता है। जनजाति क्षेत्र में वन औषधियां, इमरती लड़कियां, लेमन ग्रास, आम, जाम, इमली, सफेद मूसली समेत कई प्रकार के कंदमूल फल और अलग-अलग प्रकार के उत्पादन और भाजी मिलती है।

### मप्र में यूथ कांग्रेस के चुनाव का ऐलान

## प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष तक का होगा चुनाव

**भोपाल, ईएमएस।** मप्र से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आई है। एमपी यूथ कांग्रेस के चुनावों का ऐलान हो गया है। इसी के साथ प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष तक का चुनाव होगा। स्टेट प्रेसिडेंट, स्टेट कमेटी, डिस्ट्रिक्ट कमेटी के सदस्य भी चुने जाएंगे। विधानसभा कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष तक के चुनाव होंगे। पहली बार ब्लाक अध्यक्ष का भी सीधे चुनाव होगा। सदस्य प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष के लिए मतदान करेंगे। चुनाव प्रक्रिया लगभग पांच महीने में पूरी होगी। चुनाव की घोषणा के साथ ही युवक कांग्रेस से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल है। चुनाव प्रक्रिया के तहत 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कोऑर्डिनेटर जिलों का दौरा करेंगे। नॉमिनेशन 27 अप्रैल से 6 मई तक चलेंगे। दावे अपत्तियों ओर सुनवाई 28 अप्रैल से 7 मई तक होगी। नॉमिनेशन फॉर्म्स की स्क्रूटनी 7 मई से 9 मई तक की जाएगी। 11 मई तक फाइनल कैंडिडेट तय हो जाएंगे। पिछले बार साल 2020 में चुनाव हुए थे।

## पर्यटन विभाग की पहल से संजोया जाएगा विरासतों को

# मप्र के 11 किले बनेंगे हेरिटेज होटल

**भोपाल, ईएमएस।**

मप्र पर्यटन विभाग की पहल से विरासतों को संजोया जा रहा है। इससे लोगों को रियासतकाल के दौर का अनुभव होगा। पर्यटन विभाग द्वारा शुरू किया गया हेरिटेज होटल का कॉन्सेप्ट अब भोपाल के सदर मंजिल से शुरू होकर प्रदेश के अन्य जिलों में मूर्तरूप ले रहा है।



प्रदेश के 25 किलों की पहचान की गई है, जिन्हें हेरिटेज होटल बनाया जाएगा। पहले चरण में 11 किले विकसित होंगे। इस कार्य को पीपीपी मोड में किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही बोली प्रक्रिया शुरू होगी। पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण इन साइट्स को 90 सालों के लिए हेरिटेज होटल में बदलने पट्टे पर दिया जाएगा है। राजस्थान में कई किलों को हेरिटेज होटल में बदलने में पर्यटन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। इससे वहां के पर्यटन उद्योग में बढ़ोतरी देखी गई। प्रदेश सरकार इसी तर्ज पर काम कर रही है। हेरिटेज साइट्स के नवीनीकरण में कुछ विशेष प्रकार की कठिनाइयां होती हैं। मसलन यदि कोई पेंटिंग धुंधली हो गई है, तो उसे ही मूल रूप में लाने का प्रयास किया जाएगा। इस योजना का मकसद विरासत का उपयोग करना है।

### महल और किलों की पहचान की गई

मप्र में नवीन पर्यटन नीति, 2025 बनाई गई है जो कि निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल और उदार है। देश का दिल मध्य प्रदेश -सैलानियों को राजसी माहौल देने को तैयार है। प्रदेश भर में ऐसे महल और किलों की पहचान की गई है, जिन्हें हेरिटेज होटल में बदला जा सकता है। अभी 11 किलों को हेरिटेज होटल में बदलने के लिए निजी क्षेत्र को 90 साल के लिए लीज पर दिया गया है। इन संपत्तियों में पन्ना का महेंद्र भवन और मांडू का लोनेरा सराय जैसी विरासत भी शामिल हैं। इनमें से अधिकांश संपत्तियों पर उन्नयन के साथ सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। छत्तरपुर के राजगढ़ महल को हेरिटेज होटल के रूप में विकसित करने का काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस वर्ष यह पर्यटको के लिए इसका संचालन शुरू होने की संभावना है। दावा है कि हेरिटेज होटल बालू हो जाएं तो राज्य में अधिक पर्यटक माकर्षित होंगे, क्योंकि ऐसे होटलों में ठहरने से उन्हें राजसी ठाठ बाट का एहसास होता है। पर्यटन विभाग द्वारा शुरू की गई हेरिटेज होटल की अवधारणा धीरे-धीरे आकार ले रही है।

### हेरिटेज होटल में होंगी कई सुविधाएं

विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया है कि टेंडर प्रक्रिया में अधिक लोगों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। अन्य विरासतीय सम्पतियों को भी जल्द ही अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट के अंतर्गत निवेशकों को दिया जाएगा जिसमें ताज महल पैलेस भोपाल, गोविंदगढ़ फोर्ट रीवा, रॉयल होटल जबलपुर, माधवगढ़ फोर्ट सतना, क्योटी फोर्ट रीवा, राजा-रानी महल अशोकनगर, सिंघपुर महल अशोकनगर और श्योपुर फोर्ट श्योपुर शामिल हैं। मप्र पर्यटन विकास निगम वर्तमान में प्रदेश भर में पांच हेरिटेज होटल का संचालन कर रहा है। इनमें सतपुड़ा रिट्रीट पचमढ़ी, राक एंड मेनोर पचमढ़ी शीश महल ओरछा, किला कोठी चंदेरी और हाल ही में उज्जैन में शुरू हुआ सम्राट वि मादित्य द हेरिटेज शामिल है। इसमें से सबसे अधिक आक्यूपेंसी शीश महल ओरछा की है, जहां एक दिन और रात रुकने का किराया लगभग 6 हजार रुपये है।

# मप्र में अब जमानत मिलना आसान नहीं

### हाईकोर्ट और खंडपीठ में नया फार्मेट किया जाएगा लागू

**भोपाल, ईएमएस।** मप्र में अब जमानत मिलने के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। अब अपराधियों को आसानी से जमानत नहीं मिल पाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट समेत सभी खंडपीठ के लिए फार्मेट जारी किया है। हाईकोर्ट में अब जमानत याचिका लगाने वाले संबंधित व्यक्ति को अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी भी कोर्ट के सामने रखनी पड़ेगी।



सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश से जुड़े जमानत के मामलों में यह महत्वपूर्ण आदेश दिया है। 1 मई से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर समेत इंदौर और ग्वालियर खंडपीठ को जमानत याचिका या अलग-अलग तरह के मामलों की सुनवाई करने को लेकर एक फॉर्मेट जारी किया है। इसके चलते जिस भी व्यक्ति को किसी मामले में सजा हो गई है या फिर वह जमानत या अग्रिम जमानत को लेकर कोर्ट के समक्ष याचिका लगता है, तो उसे अपने पिछले आपराधिक रिकॉर्ड की पूरी जानकारी जमानत याचिका के साथ कोर्ट के सामने प्रस्तुत करनी होगी। इसके बाद कोर्ट उस पूरे मामले में सुनवाई कर तय करेगा कि जमानत दी जाए या नहीं।

## झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना को मिलेगा प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार

**भोपाल, ईएमएस।** झाबुआ जिले की कलेक्टर नेहा मीना को देश के सबसे बड़े प्रशासनिक पुरस्कारों में से एक प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2024 के लिए चुना गया है। उन्हें यह सम्मान आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम श्रेणी के तहत मिलेगा। पुरस्कार उन्हें 21 अप्रैल को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों दिया जाएगा। इस दिन को राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसमें देशभर के बेहतरीन अफसरों को उनके काम के लिए सम्मानित किया जाता है।

# नर्सिंग घोटाले में बड़ी कार्रवाई, 70 कर्मचारियों की होगी विभागीय जांच

### स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

**भोपाल, ईएमएस।** नर्सिंग घोटाले में शासन ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। राज्य सरकार ने शासकीय नर्सिंग कॉलेज जीएमसी की प्राचार्य राधिका नायर को पद से हटा दिया है। साथ ही गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के एक दर्जन से अधिक नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों समेत प्रदेशभर के लगभग 70 लोगों के विरुद्ध चिकित्सा शिक्षा विभाग ने आरोप पत्र जारी कर विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं।




हालांकि एनएसयूआई नेता रवि परमार ने इस कार्रवाई में घोटाले से जुड़े अन्य लोगों को बचाने के भी आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग महाघोटाले में जिनको नोटिस जारी हुए थे, उनमें जीएमसी के पूर्व प्राचार्य रोसी शाहुल समेत प्रोफेसर में डॉ जितेंद्र महावर , डॉ हरिसिंह मकवाना , डॉ संदीप कुमार मर्सकोले, डॉ वीरेंद्र धुर्वे वहीं नर्सिंग स्टाफ में रजनी नायर , प्रियदर्शनी डेहरिया दीपिका कुंभारे, राजश्री मालवीय शामिल हैं। इन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होना सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि गांधी मेडिकल कॉलेज की नर्सिंग प्राचार्य राधिका नायर को पद से हटाया है, जबकि उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए।

# प्रदेश के सभी संभागों में होंगे किसान मेले

## तीन मई को मंदसौर मेले से होगी शुरुआत

**भोपाल, ईएमएस।**

मध्य प्रदेश सरकार किसानों की आय वृद्धि और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से राज्य के सभी संभागों में किसान मेलों का आयोजन करने जा रही है। इन मेलों के माध्यम से किसानों को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, उद्यानिकी, पशुपालन और नवीनतम तकनीकों से जोडने की पहल की जा रही है। इस श्रृंखला का पहला मेला तीन मई को मंदसौर (उज्जैन संभाग) में आयोजित किया जाएगा। मेलों में प्रदर्शनी, तकनीकी सत्र और योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ किसानों की समस्याओं के समाधान की भी व्यवस्था रहेगी।

राज्य सरकार ने एक वर्ष में 10 लाख सोलर पंप लगाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है, जिससे किसानों को सस्ती और सतत ऊर्जा उपलब्ध कराई जा सकेगी। इसके लिए राज्यव्यापी अभियान चलाकर किसानों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

इसके अलावा अक्टूबर में एक राज्य स्तरीय किसान मेला भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें कृषि क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों, तकनीकों और नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 'मध्य प्रदेश कृषक कल्याण मिशन' के अंतर्गत कृषि से जुड़े सभी विभागों की योजनाओं को एकीकृत मंच पर क्रियान्वित किया जाएगा। यह मिशन किसानों, गौ-पालकों और कृषि आधारित उद्यमों के लिए अवसरों को बढ़ाने के साथ-साथ कुपोषण उन्मूलन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

# अगले महीने जलाया जाएगा यूका का 307 टन कचरा



हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार, 72 दिन में कार्य पूर्ण किया जाएगा

**भोपाल, ईएमएस।** पीथमपुर में विगत दिनों ट्रायल रन के तहत यूनियन कार्बाइड के 30 टन कचरे को जलाकर नष्ट किया जा चुका है। अब पीथमपुर के भस्मक संयंत्र परिसर में रखे 307 टन कचरे को नष्ट करने का अंतिम चरण दो सप्ताह बाद शुरू होगा। यह संभावना जताई जा रही है कि 1 मई से संयंत्र में 270 किलो प्रति घंटे की दर से यूका के कचरे को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस संबंध में 21 अप्रैल को भोपाल में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भस्मक संयंत्र संचालित करने वाली कंपनी एनर्जी एनवायरो के प्रतिनिधियों की बैठक भी होने वाली है। हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार, 72 दिन में इस पूरे कचरे को नष्ट करने का कार्य पूर्ण किया जाएगा। गौरतलब है कि पीथमपुर के भस्मक संयंत्र में 28 फरवरी से 9 मार्च के बीच 30 टन यूका के कचरे को ट्रायल रन के तहत नष्ट किया जा चुका है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने एनर्जी इन्वयारों कंपनी को 307 टन यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाने से पूर्व अपने प्लांट में आटोमेशन सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं।

### सीएम के लांच किए पोर्टल पर अधिकारी नहीं दिखा रहे रुचि

# एजुकेशन पोर्टल 3.0 में कार्य करने में अधिकारी कर रहे लापरवाही

**भोपाल, ईएमएस**


करोड़ों की लागत से राज्य सरकार द्वारा बनवाए गए एजुकेशन पोर्टल 3.0 में कार्य करने में विभाग के अधिकारियों द्वारा जमकर लापरवाही बरती जा रही है। कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण लोक शिक्षण संचालनालय भी परेशान हैं। अधिकारियों को बार-बार समझाईश और हिदायत देने के बाद भी अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय शिल्पा गुप्ता ने भोपाल के जिला शिक्षा अधिकारी ( डीईओ ) एनके अहिरवार, जिला परियोजना समन्वयक ( डीपीसी ) ओम प्रकाश शर्मा सहित आधा दर्जन जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला परियोजना समन्वयकों को नोटिस जारी किया है। कार्य में इसी तरह की लापरवाही बरती जाती रही तो इन जिला अधिकारियों को निलंबित भी किया जा सकता है। इस तरह का नोटिस ही जारी हो चुका है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 बनाया है। विभाग की लगभग सभी गतिविधियां अब इसी पोर्टल के माध्यम से होंगी। इसके बाद विभाग के चल रहे अन्य आनलाइन पोर्टल बंद हो जांगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 को एक अप्रैल को स्कूल चलें हम अभियान के दौरान लांच किया था। पोर्टल की लांचिंग के बाद से यह ठंडा पड़ा हुआ है। इसमें कोई गतिविधि नहीं हो रही है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इसमें कोई भी आदेश अपलोड नहीं किये जा रहे हैं।

### 25 अप्रैल तक पूर्व करें सत्यापन, नहीं तो हो सकता है निलंबन

जारी नोटिस में कहा गया है कि एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर आपके जिला अंतर्गत समस्त अशासकीय विद्यालय के सत्यापन किये जाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त सत्यापन का कार्य 28 दिसंबर 2024 तक पूर्ण किया जाना था। आपके द्वारा उक्त दिनांक तक सत्यापन की कार्रवाई पूर्ण नहीं की गई। कई बार इसकी तिथि भी बढ़ाई गई। उपरोक्त निर्देशों को दिए जाने के बाद भी आपके जिला अंतर्गत सत्यापन किए जाने का कार्य शून्य स्थिति में हैं। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश अनुसार कार्रवाई न किए जाने का कृत्य मध्यप्रदेश सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विपरित होकर लापरवाही और अनुशासनहीनता है। नियमों के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। 25 अप्रैल तक सत्यापन कार्य पूर्ण करें।

## 16,000 निजी स्कूलों को फीस नियमों में मिली छूट

# 25 हजार से कम फीस, पोर्टल पर जानकारी अपलोड करना जरूरी नहीं




### बिना अनुमति 10 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं फीस

इस अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि विद्यालय 10 प्रतिशत तक सालाना फीस वृद्धि बिना किसी पूर्व अनुमति के कर सकते हैं। इससे ज्यादा बढ़ाने के लिए संबंधित जिला समिति की अनुमति लेना आवश्यक होगा। यह प्रावधान इसलिए रखा गया है ताकि अभिभावकों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ न पड़े। नई उपधारा के तहत, जिन स्कूलों की वार्षिक फीस 25 हजार रुपए से कम है, वे इस अधिनियम के दायरे से बाहर रहेंगे। इसके अतिरिक्त , फीस नियमन एवं संबंधित विषयों के लिए जिला स्तर पर और राज्य स्तर पर समिति गठित की गई है, जो इन मामलों की निगरानी करेगी।

**भोपाल, ईएमएस।**

25 हजार रुपए से कम वार्षिक फीस वसूलने वाले निजी स्कूलों को अब स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी अपलोड करना जरूरी नहीं होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

विभाग ने साफ किया है कि जिन निजी विद्यालयों द्वारा 25 हजार रुपए से अधिक वार्षिक फीस वसूली जा रही है, उन्हें पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसके लिए अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ा दी गई है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि बिना अनुमति और उचित कारण के फीस नहीं बढ़ाई जा सकेगी।

प्रदेश में कुल 34,652 निजी स्कूल हैं, जिनमें से लगभग 16,000 स्कूल ऐसे हैं जिनकी किसी भी कक्षा में वार्षिक फीस 25 हजार रुपए या उससे कम है। मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए निर्धारित फीस संरचना (कक्षा एवं संवर्गवार) की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। यह अधिनियम 31 जनवरी 2025 से प्रभावी हुआ है।

शुरू में इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि कई विद्यालयों ने पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने में तकनीकी समस्याओं की जानकारी दी है। इसे ध्यान में रखते हुए अपलोड की समय सीमा 15 मई तक बढ़ा दी गई है।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसिएट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेलः expressnews.advt@gmail.com (रजि न. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।